हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, रविवार, 8 दिसंबर 2024 अंक 56 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-


शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जीडे के दर्द से परेशान हो ?

•जोडों का दर्द •गठियावात •सन्धिशोध •सरवाइकल पेन पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# महाराष्ट्र में अब शपथ पर सियासत

## > उद्धव के विधायकों का विधानसभा से वॉकआउट > विपक्ष ईवीएम पर जताया संदेह

**मुंबई।**

महाराष्ट्र में चुनाव हो गए. नतीजे भी आ गए. सरकार भी बन गई. मगर सियासी पारा अब भी हाई है. महाराष्ट्र में अब शपथ पर सियासत देखने को मिल रहा है. उद्धव ठाकरे की शिवसेना के विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर सियासी पारा और हाई कर दिया. दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा का शनिवार से तीन दिवसीय विशेष सत्र शुरू हुआ है. इस दौरान सभी विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने शनिवार को सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली. शनिवार को सभी 288 नए विधायकों को शपथ लेनी थी। मगर इसमें से 173 विधायकों ने शपथ ली।

शनिवार को 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई. सबसे पहले विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर कालिदास कोलंबकर ने महायुति के तीनों नेताओं को विधायक के रूप में शपथ दिलाई. इस विशेष सत्र में प्रोटेम स्पीकर शेष नवनिर्वाचित विधायकों को पद की शपथ दिलाएंगे.

इसी कड़ी में विधायकों का शपथ ग्रहण हो रहा था. तभी उद्धव गुट वाली



शिवसेना के विधायकों ने शपथ लेने से इनकार कर दिया. साथ ही एमवीए के भी अन्य विधायकों ने शपथ नहीं ली. आदित्य ठाकरे ने कहा कि हमने इसलिए आज शपथ नहीं ली. क्योंकि हमें ईवीएम पर संदेह है. यह जनता का जनादेश नहीं है. इसके बाद उद्धव गुट के विधायकों ने सदन का वॉकआउट कर दिया.

आदित्य ठाकरे ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'आज हमने फैसला किया है कि हमारे (शिवसेना यूबीटी) जीते हुए विधायक शपथ नहीं लेंगे. अगर यह जनता का जनादेश होता तो लोग खुश होते और जश्न मनाते, लेकिन इस जीत का कहीं भी लोगों ने जश्न नहीं मनाया। हमें ईवीएम पर संदेह है.'

यह सत्र महाराष्ट्र की 15वीं विधानसभा का हिस्सा है, जो तीन दिनों तक चलेगा। आज सभी 288 विधायकों को शपथ लेनी थी, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण यह प्रक्रिया अधूरी रही। विपक्ष का आरोप है कि इस चुनाव में जनता का जनादेश नहीं बल्कि ईवीएम में गड़बड़ी के चलते यह परिणाम आया है। विपक्ष के इस कदम ने विधानसभा की कार्यवाही को गरमा दिया है। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में यह सत्र किस दिशा में आगे बढ़ता है।

### कल होगा विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव

6 दिसंबर को विधायक कालिदास कोलंबकर को विधानसभा के विशेष सत्र के लिए प्रोटेम स्पीकर चुना गया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें शपथ दिलाई थी। अब 9 दिसंबर को विधानसभा का अध्यक्ष चुना जाएगा। जिसको लेकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और बीजेपी विधायक सुधीर मुनगंटीवार का नाम चर्चाओं में है। चर्चा ये भी है कि राहुल नार्वेकर नई सरकार में मंत्री बनना चाहते हैं ऐसे में सुधीर मुनगंटीवार को अध्यक्ष पद का मजबूत दावेदार माना जा रहा है।

### गृह मंत्रालय पर फंसी बात

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी वाले महायुति गठबंधन ने बहुमत हासिल किया था। आंतरिक दबाव और खींचतान के बीच 12 दिन बाद पांच दिसंबर को महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री ने शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद अब नई कैबिनेट के गठन पर फोकस है, जो कुछ मुश्किल नजर आ रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि शिवसेना नेता उदय सामंत और संजय शिरसाट ने खुले तौर पर शिवसेना को गृह मंत्रालय देने की मांग कर दी है। इस मांग को पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी स्वीकार कर लिया है।

### पवार ने ईसी और कोर्ट में जाने की दी सलाह

विपक्ष के इस मामले को लेकर उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष ने वॉकआउट किया है, चुनाव हुआ है और लोगों ने (हमें) जिताया है और अभी वॉकआउट करने से कुछ नहीं होने वाला है। अगर उनको कुछ करना है तो चुनाव आयोग के सामने जाना चाहिए। अगर उन्हें लगता है कि चुनाव आयोग से भी उनको न्याय नहीं मिल रहा तो उन्हें कोर्ट जाना चाहिए। ईवीएम को लेकर महाविकास अघाड़ी के आरोपों का जवाब देते हुए डिप्टी सीएम जित पवार ने कहा कि मैंने भी महा विकास अघाड़ी में काम किया है। इस चुनाव में ईवीएम को दोष देने का कोई मतलब नहीं है। ईवीएम ने लोकसभा में महा विकास अघाड़ी को 31 सीटें दीं तब ईवीएम बहुत अच्छी थीं। लेकिन अब विधानसभ चुनाव में परिणाम उनके पक्ष नहीं आए तो ईवीएम को दोष देना शुरू कर दिया। इसका कोई मतलब नहीं है।

## खबरें! एक नजर में!!

### महादेव सट्टा केस में ईडी का बड़ा एक्शन

**नई दिल्ली।** महादेव सट्टा मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत महादेव सट्टा मामले में 387.99 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने 5 दिसंबर को यह संपत्ति कुर्क की है। अटैच की गई संपत्ति में मॉरीशस की कंपनी तानो इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज फंड की चल संपत्ति भी शामिल हैं। इसे एफपीआई और एफडीआई के माध्यम से हरि शंकर टिबरेवाल में निवेश किया गया था।

### केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को धमकी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री संजय सेठ को अपराधियों द्वारा धमकी मिली है। अज्ञात गिरोह ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि शुक्रवार शाम को उनके मोबाइल फोन पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का धमकी भरा मैसेज आया। उन्होंने शुक्रवार शाम को ही मामले की जानकारी दिल्ली के डीसीपी को दे दी थी। डीसीपी ने उनसे मुलाकात की थी. उसके बाद मामले की जांच की जा रही है।

### दिल्ली में बर्तन कारोबारी पर फायरिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा में मॉर्निंग वॉक पर निकले एक शख्स पर गोली चली। बताया जा रहा है कि 7-8 राउंड फायरिंग हुई। दो हमलवारों ने हमला किया। पीड़ित बर्तन व्यापारी है और इस हमले में उनकी मौत हो गई। क्राइम सीन की तस्वीर भी सामने आई है। डीसीपी ने बताया कि थाना फर्श बाजार में गोलीबारी की घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल आई थी।

### सस्ती हुई कैंसर की ये तीन दवाइयां

**नई दिल्ली।** सरकार ने कैंसर रोधी दवाओं की पहुंच और किफायती कीमत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके तहत ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डर्वालुमैब जैसी दवाओं पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को घटाने का निर्देश दिया गया है। इस बारे में जानकारी केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने संसद में साझा की।

### झील में जा गिरी कार, 5 युवकों की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के भूदान पोचमपल्ली मंडल के जलालपुर के पास एक कार ने नियंत्रण खो दिया और झील में जा गिरी। इस दुखद घटना में पांच लोग अपनी जान गंवा बैठे, जबकि एक शख्स इस हादसे में बच गया। बताया जा रहा है कि सभी हैदराबाद के एलबी नगर के रहने वाले थे। एकमात्र जीवित बचे शख्स 21 वर्षीय मणिकांत ने किसी तरह से इस हादसे से खुद को बचा लिया।

### 21 को दुनिया मनाएगी 'विश्व ध्यान दिवस'

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत द्वारा सह-प्रायोजन एक मसौदा प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया है। यह प्रस्ताव भारत के साथ लिकटेंस्टीन, श्रीलंका, नेपाल, मैक्सिको और अंडोरा उन देशों के मुख्य समूह के सदस्य थे, जिन्होंने 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'विश्व ध्यान दिवस' शीर्षक वाले प्रस्ताव को शुक्रवार को सर्वसम्मति से पारित करने में अहम भूमिका निभाई।

# डिप्टी सीएम पवार को बड़ी राहत

## > इनकम टैक्स से मुक्त हुईं जब्त संपत्ति

**मुंबई.** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी बार शपथ लेने के दूसरे दिन ही अजित पवार को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अजित पवार की संपत्तियां इनकम टैक्स से मुक्त कराई गईं हैं। अजित पवार बेटे पार्थ पवार और पत्नी सुमित्रा पवार की संपत्ति इनकम टैक्स ने सीज की थी। 2021 में संपत्ति जब्त कर ली गई थी। कोर्ट ने अजित पवार के बेटे पार्थ पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार से जुड़ी जब्त संपत्ति जारी करने का आदेश दिया।बता दें कि इनकम टैक्स विभाग ने अक्टूबर 2021 में अजित पवार और उनके परिवार की कथित तौर पर करीब 1,000 करोड़ रुपये की संपत्ति पर रेड मारी थी। मुंबई के प्रतिष्ठित नरीमन पॉइंट पर निर्मल टॉवर सहित अजित पवार और उनके रिश्तेदारों की पांच संपत्तियों को सीज कर लिया था। स्पार्कलिंग सॉइल, गुरु कमोडिटीज, फायर पावर एग्री फार्म और निबोध ट्रेडिंग कंपनी से संबंधित संपत्तियां जब्त कर ली गईं थी। हालांकि, अजित पवार ने इसके खिलाफ कोर्ट में अपील की थी और कहा था कि वे नियमित रूप से टैक्स भरते हैं और कोई टैक्स चोरी नहीं हो रही है।

# पीएम मोदी को बम से उड़ाने की धमकी

## > मुंबई पुलिस को मिले वॉट्सएप मैसेज से खलबली

**मुंबई।**

मुंबई पुलिस को शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिला। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर आए इस मैसेज में लिखा गया था कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के दो एजेंट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बम से उड़ाने की साजिश रच रहे हैं।

मैसेज मिलते ही मुंबई पुलिस टीम अलर्ट हो गई। धमकी भरे संदेश पर पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस नंबर से यह मैसेज मिला था हमने उसकी जांच की थी। हमें पता चला कि यह नंबर अजमेर राजस्थान से संबंधित है। संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने के लिए हमारी एक टीम तुरंत राजस्थान के लिए रवाना हो गई है।





पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमारी ट्रैफिक कंट्रोल टीम की हेल्पलाइन पर सुबह तड़के ही धमकी भरा यह मैसेज मिला था। इस मैसेज में आईएसआई के दो एजेंटों द्वारा पीएम मोदी की हत्या की साजिश के बारे में बताया गया था। इस संदेश की मानें तो दोनों एजेंट पीएम मोदी को बम से उड़ाने की साजिश बना रहे हैं।

अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ताओं को संदेह है कि धमकी देने वाला व्यक्ति मानसिक रूप से परेशान या फिर शराब के नशे में हो सकता है। इस मामले में अभी जांच चल रही है। हालांकि उक्त व्यक्ति के खिलाफ संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मुंबई पुलिस की हेल्पलाइन पर पहले भी इस तरह की धमकी भरे फोन और मैसेज आ चुके हैं।

# ईडी ने जब्त किया 13.5 करोड़ कैश

## > मुंबई-अहमदाबाद में 7 जगहों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।**

मुंबई जोन प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने शनिवार को अहमदाबाद और मुंबई में 7 स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें 13.5 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई। यह छापेमारी मालेगांव के नासिक मर्चेंट को-अपरेटिव बैंक (एनएमको बैंक) में हुई कथित धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई थी। ईडी अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई मालेगांव के व्यापारी सिराज अहमद हारुन मेमन के खिलाफ की गई है, जिन्होंने नासिक मर्चेंट को-ऑपरेटिव बैंक के खातों का दुरुपयोग करके 100 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन किया था।

7 नवंबर को मालेगांव पुलिस ने चाय और कोल्डड्रिंक एजेंसी चलाने वाले सिराज मेनन और उसके कुछ साथियों पर मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था। जांच में पता चला कि एनएमको और बैंक ऑफ महाराष्ट्र में किए गए लेनदेन में 21 अलग-अलग संस्थाओं को लाखों रुपये भेजे गए थे।

ईडी की जांच में पता चला कि कई 'डमी'



संस्थाओं के खातों से करोड़ों रुपये निकाले गए थे, जो हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से अहमदाबाद, मुंबई और सूरत में भेजे गए थे। इस मामले में ईडी ने 100 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन का पता लगाया है।

ईडी की यह कार्रवाई बैंकिंग घोटाले के बढ़ते मामलों के खिलाफ एक कड़ा संदेश देती है। अधिकारियों का कहना है कि घोटाले में शामिल अन्य लोगों और संस्थाओं की जांच अभी भी जारी है ताकि सभी दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। यह मामला न केवल वित्तीय सुरक्षा से जुड़ा है, बल्कि आम नागरिकों की पहचान और डेटा की सुरक्षा से भी जुड़ा है।

इस तरह की जांच और कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि देश की वित्तीय व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि वित्तीय धोखाधड़ी, बैंकों के माध्यम से की जाने वाली अनियमितताएं और नागरिकों की निजी जानकारी का गलत इस्तेमाल समाज को बड़ा खतरा बना सकते हैं।

### 170 से अधिक बैंक शाखाएं जांच के दायरे में

ईडी को शक है कि चुनावी धन का इस्तेमाल किया गया है। महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में 2,500 से अधिक लेनदेन और लगभग 170 बैंक शाखाएं ईडी की जांच का विषय हैं। ईडी ने अगानी अकरम मोहम्मद शफी और वसीम वली मोहम्मद भेसानिया को इस मामले में गिरफ्तार किया है क्योंकि इन खातों से धन जमा या निकाला गया है।

# गरीबी से बाहर निकले 25 करोड़ लोग!

## मोदी सरकार का दावा

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि 2014 से पहले की सरकारें कल्याणकारी राज्य के संविधानिक मकसद को हासिल करने के लिए टुकड़ों में काम करती थीं। लेकिन इस अवधारणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हकीकत में बदल दिया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने इस बात को समझा कि भारत की साठ करोड़ आबादी जब तक गरीब रहेगी, तब तक देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने बीते दस वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला।

अहमदाबाद में गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट के वार्षिक कार्यक्रम में कहा, 'एक सरकार अकेले इतना बड़ा काम नहीं कर सकती अगर ट्रस्ट, व्यक्ति और सेवा संगठनों को साथ लाया जाए, तो हम जल्दी ही इस समस्या से बाहर निकल सकते हैं।' उन्होंने बताया कि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने



यह निष्कर्ष निकाला था कि कल्याणकारी राज्य की स्थापना ही संविधान का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। इसके तहत हर व्यक्ति का कल्याण, समान विकास और हर परिवार का सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना था। शाह ने कहा कि मोदी ने कल्याणकारी राज्य के लक्ष्य को हकीकत में बदलने का काम किया और 2014 से 60 करोड़ लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के बाद 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल आए। शाह ने यह भी कहा कि सरकार अकेले इतनी बड़ी समस्या से नहीं निपट सकती और इस का में ट्रस्ट, व्यक्तियों और सेवा संगठनों का योगदान जरूरी है। उन्होंने की सराहना करते हुए कहा कि यहां कई शिक्षण संस्थान और गुरुकुल मिलकर इस दिशा में काम कर रहे हैं।

शाह ने कहा, '2014 से पहले की सरकारें अपने-अपने समय में जितना कर सकती थीं, उन्होंने किया। लेकिन सांख्यिकी (स्टैटिक्स) के छात्र के रूप में मेरी राय है कि पहले सभी सरकारों ने इस लक्ष्य को टुकड़ों-टुकड़ों में पूरा करने की कोशिश की।

**65 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज का वितरण**

गृह मंत्री शाह ने कहा, '2014 में जनता की ओर से चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया कि कोई भी घर बिना शौचालय के नहीं रहेगा। कोई भी व्यक्ति बिना घर और गैस सिलेंडर के नहीं रहेगा। मोदी ने यह भी सुनिश्चित किया कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए और हर महीने 65 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज मुफ्त वितरित किया गया। दुनिया में कहीं भी ऐसा उदाहरण नहीं मिलता।'

# सरकार पर झूठ बोलने का आरोप

## > आज फिर होगा किसानों का 'दिल्ली कूच'!

**नई दिल्ली।**

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने एक बार फिर दिल्ली की ओर कूच करने का ऐलान किया है। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने सरकार पर बातचीत को लेकर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि किसानों की मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि रविवार दोपहर 12 बजे 101 किसानों का जथ्था आगे बढ़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से अब तक कोई बातचीत का प्रस्ताव नहीं आया है।

उन्होंने कहा,सरकार यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि देश विकास कर रहा है, लेकिन विकास का मापदंड किसानों की दुर्दशा को नज़रअंदाज़ करता है। उनका यह भी कहना है कि सरकार ने बीते दिन जो कदम उठाए,उन पर कई जगहों से प्रतिक्रिया आ रही है।

दरअसल, किसानों का आरोप है कि सरकार की नीतियां उनके हितों के खिलाफ हैं और कॉर्पोरेट्स के पक्ष में झुकी हुई हैं। किसान चाहते हैं कि एमएसपी को कानून का दर्जा दिया जाए ताकि उनकी फसल का उचित मूल्य तय हो.किसानों का कहना है कि उन्हें बढ़ते कर्ज और बिजली दरों के कारण गंभीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। सरकार और किसान संगठनों के बीच जारी यह गतिरोध लंबे समय से सुलझ नहीं पाया है। सरकार ने दावा किया है कि वह बातचीत के लिए तैयार है और विकास के लिए किसानों के हितों का ध्यान रखा गया है। वहीं, किसान नेताओं का कहना है कि अब तक की बातचीत केवल दिखावे की रही है और उनके वास्तविक मुद्दों को हल करने की कोई कोशिश नहीं हुई है।

### किसानों की अगली योजना

किसानों की अगली योजना दिल्ली कूच करने कहा है। सरवन सिंह पंधेर के अनुसार, रविवार दोपहर 12 बजे 101 किसानों का जथ्था दिल्ली की ओर प्रस्थान करेगा। पंधेर ने साफ किया कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार किसानों की मांगों को गंभीरता से नहीं लेती।

# सरकार ने मैसेज इंटरसेप्शन के बनाए नये नियम

## > तय की गई निगरानी सीमा

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने मैसेज इंटरसेप्शन के लिए नए नियम बनाए हैं. केंद्र सरकार ने शनिवार को नए दूरसंचार (संदेशों के वैध अवरोधन के लिए प्रक्रियाएं और सुरक्षा उपाय) नियम, 2024 को अधिसूचित किया. यह विशिष्ट कारणों और अवधियों के लिए संदेशों को रोकने के लिए कानून प्रवर्तन और सुरक्षा एजेंसियों के लिए प्रक्रियाओं की रूपरेखा है. ये नियम मौजूदा कॉल-इंटरसेप्शन प्रोटोकॉल के आधार पर बनाए गए हैं.

अधिकतम छह महीने के लिए इंटरसेप्शन (अवरोधन) की अनुमति देने वाले नियमों ने निजता के अधिकार के संभावित दुरुपयोग और उल्लंघन पर चिंताएं पैदा कर दी हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि अनधिकृत अवरोधन



की पिछली घटनाओं ने जनता की आशंकाओं को बढ़ा दिया है.

अवरोधन आदेशों को केंद्र सरकार के स्तर पर गृह सचिव या राज्य स्तर पर मुख्य सचिव द्वारा अधिकृत किया जा सकता है. अत्यावश्यक स्थितियों में एक संयुक्त सचिव या एक महानिरीक्षक स्तर का अधिकारी आदेश जारी कर सकता है, लेकिन इन्हें पुष्टि के लिए तीन कार्य दिवसों के भीतर सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा.

रिपोर्ट में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी को सात कार्य दिवसों के भीतर जवाब देना होगा, अन्यथा इंटरसेप्शन बंद हो जाएगा और जो डेटा एकत्रित किए गए हैं, उनका इस्तेमाल नहीं हो सकेगा. रिपोर्ट में कहा गया है कि संदेशों को रोकने की इच्छुक एजेंसियों को व्यक्ति की पहचान, अधिकृत अधिकारी और डेटा नष्ट करने की समयसीमा जैसे विवरण प्रदान करने होंगे. अवरोधन आदेशों के संचार की सुविधा के लिए प्रत्येक एजेंसी को दो नोडल अधिकारी नियुक्त करने होंगे, जो पुलिस अधीक्षक या समकक्ष रैंक से नीचे के नहीं होंगे.

एजेंसियों को जारी किए गए या पुष्टि किए गए अवरोधन आदेशों को सूचीबद्ध करने वाली पाक्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है. इसके लिए संख्या और तारीख जैसे विवरण जरूरी हैं. यदि दूरसंचार संस्थाएं अपने कर्मचारियों को अनधिकृत अवरोधन में शामिल करती हैं तो उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा.

### उच्च स्तरीय समीक्षा समिति का होगा गठन

रिपोर्ट में कहा गया है कि निगरानी समितियां अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च स्तरीय समीक्षा समिति का गठन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता कैबिनेट सचिव करेंगे और जिसमें कानूनी मामलों के सचिव और दूरसंचार सचिव शामिल होंगे.रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि राज्य सरकारों को भी मुख्य सचिव के नेतृत्व में और कानूनी और प्रशासनिक विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल करते हुए इसी तरह की समितियाँ बनाने का अधिकार है,

# अब जौनपुर की अटाला मस्जित पर बवाल

## > इस जगह पर अटाला देवी का एक भव्य मंदिर होने का दावा

**नई दिल्ली।**

संभल के बाद अब यूपी की जौनपुर की अटाला मस्जदि पर भी अब बवाल मचने वाला है। मंदिर होने का दावा करने वाले स्वराज वाहिनी एसोसिएशन ने इस केस को इलाहाबाद हाइकोर्ट में फाइल कयिा था जसि पर कल सोमवार 9 दसिंबर को सुनवाई होनी है. अयोध्या, काशी, मथुरा और संभल के बाद अब जौनपुर के मंदिर-मस्जिद का विवाद अब कोर्ट में है। दरअसल, स्वराज वाहिनी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा ने इसी साल जौनपुर जिला कोर्ट में मुकदमा दाखिल कयिा था। मश्रिा ने यह दावा किया था कि जौनपुर की अटाला मस्जिद, मंदिर को तोड़कर बनाई गई है। जिस जगह मस्जिद है, वहां पहले अटाला देवी का मंदिर था। मंदिर का निर्माण 13वीं शताब्दी में राजा विजय चंद्र ने कराया था। इस मामले में हाईकोर्ट को मुख्य रूप से यह तय करना है कि जौनपुर की अदालत में मस्जिद को मंदिर बताकर वहां पूजा अर्चना का अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर दाखिल किए गए केस की सुनवाई हो सकती है या नहीं। कोर्ट को मुकदमे की पोषणीयता पर अपना फैसला देना है।

CMYK

# कैंसर मरीजों के लिए सरकार ने दी राहत

## > तीन दवाओं की कीमत होगी कम



**नई दिल्ली.**

भारत सरकार ने तीन एंटी-कैंसर दवाओं की कीमतों में कमी लाने के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को लाभ मिल सके. केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि सरकार ने ट्रास्टुजुमैब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डर्वालुमैब नामक दवाओं पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) कम करने का आदेश दिया है. इसके साथ ही इन दवाओं पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) को शून्य कर दिया गया है और जीएसटी दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है.

मंत्री ने यह भी बताया कि इस कदम का उद्देश्य कैंसर से पीड़ित मरीजों को वित्तीय राहत देना और इन दवाओं की सुलभता को बढ़ाना है.

उन्होंने यह स्पष्ट किया कि अधिसूचनाओं के अनुपालन में निर्माताओं ने इन दवाओं पर एमआरपी कम की है और राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) को इस बदलाव की सूचना दी है. इसके अलावा एनपीपीए ने एक ज्ञापन जारी कर कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे जीएसटी दरों में कमी और सीमा शुल्क से छूट के कारण दवाओं की कीमतें घटाएं, ताकि उपभोक्ताओं को इसका फायदा मिल सके.

उदाहरण के लिए एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया लिमिटेड ने अपने कई फॉर्मूलेशन की कीमतों में कमी की है. केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने अपने पत्र में यह बताया कि बीसीडी शून्य होने के कारण, दवाओं की कीमतों में कमी तब लागू होगी जब स्टॉक को बाजार में वाणिज्यिक बिक्री के लिए जारी किया जाएगा.

इस निर्णय के बाद इन दवाओं की कीमतें अधिक किफायती होंगी. यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत में कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है. लैंसेट के एक हालिया अध्ययन के अनुसार, 2019 में भारत में लगभग 12 लाख नए कैंसर के मामले दर्ज किए गए थे और 9.3 लाख मौतें हुई थीं, जो एशिया में बीमारी के बोझ का दूसरा सबसे बड़ा योगदान है.

### मरीजों पर वित्तीय बोझ कम होगा

सरकार का यह कदम कैंसर से पीड़ित लोगों के लिए राहत प्रदान करेगा, जिससे वे अपनी चिकित्सा जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे. सरकार का उद्देश्य कैंसर दवाओं की सुलभता बढ़ाना और मरीजों के वित्तीय बोझ को कम करना है, ताकि इलाज के लिए उन्हें अधिक पैसे न खर्च करने पड़ें.

# 'वी' ने की सुपर हीरो प्लान की घोषणा

**मुंबई.**



आज के दौर में इंटरनेट बेहद ज़रूरी हो गया है, कम्युनिकेशन हो या पढ़ाई, काम हो या मनोरंजन, बिना किसी रूकावट के डेटा सबसे ज़रूरी चीज़ बन चुका है। उपभोक्ताओं को सहज एवं चिंतामुक्त डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज सुपर हीरो प्लान की घोषणा की है, यह प्लान भारत के प्रिपेड उपभोक्ताओं के लिए लाया गया है।उपभोक्ताओं में डेटा की बढ़ती खपत को देखते हुए कंपनी सुपर हीरो प्लान की पेशकश लेकर आई है, ताकि वे डेटा की चिंता किए बिना डिजिटल का सहज एवं अधिकतम अनुभव पा सकें। इस प्लान के साथ प्रिपेड उपभोक्ता रात के 12 बजे से दोपहर के 12 बजे तक यानि आधे दिन के लिए अनलिमिटेड डेटा के फायदे पा सकते हैं। वी आज के डेटा-सेवी युवाओं के लिए यह प्लान लेकर आया है, जो पहले से वी के सफल हीरो प्लान का लाभ उठा रहे हैं। साथ ही यह प्लान महिलाओं की ज़रूरतों को भी पूरा करेगा, जो अक्सर सुबह के समय अधिक डेटा का इस्तेमाल करती हैं।

शेष आधे दिन के लिए वी अतिरिक्त डेटा के साथ अपने उपभोक्ताओं को निर्बाध कनेक्टिविटी उपलब्ध कराता है। वी के सुपर हीरो रीचार्ज के मुख्य फायदों में शामिल हैं: 5 वीकेंड डेटा रोलओवरः यूज़र सप्ताह के दिनों में इस्तेमाल नहीं होने वाले डेटा को कैरी फॉरवर्ड कर सकते हैं और इसका इस्तेमाल सप्ताहान्त के दौरान कर सकते हैं। इस तरह उन्हें अतिरिक्त प्रत्याभूतता मिलती है। 5 डेटा डिलाइटः महीने में दो बार यूज़र वी ऐप के ज़रिए या 121249 पर डायल कर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 2 जीबी अतिरिक्त डेटा अनलॉक कर सकते हैं। सुपर हीरो प्लान महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, गुजरात, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, पंजाब औरहरियाणा में रु 365 की शुरुआती कीमत वाले रीचार्ज पैक्स पर उपलब्ध होगा, जो रोज़ाना 2 जीबी या अधिक डेली डेटा कोटा देते हैं।

# क्रेडिट कार्ड से दूरी बना रहे लोग

**नई दिल्ली.**

क्रेडिट कार्ड से हाल फिलहाल में लोगों ने दूरी बनाना शुरू कर दिया है. बीते एक साल में नया कार्ड जारी करने की संख्या में 50 फीसदी तक की गिरावट आई है. जहां पिछले साल अक्टूबर में 16 लाख कार्ड इश्यू किए गए थे, वहीं साल 2024 में इस दरमियान महज 7.8 लाख कार्ड ही जारी किए गए. असुरक्षित लोन के खतरे को देखते हुए रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड इश्यू करने वाले बैंकों को जोखिम पूंजी के तौर पर 25 फीसदी से अधिक रकम अलग रखने के लिए कहा. हालांकि इसके बावजूद बैंक क्रेडिट कार्ड इश्यू करने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं, जबकि साल की दूसरी तिमाही में कोटक महिंद्रा बैंक, आरबीएल, एक्सिस सहित कई और बैंकों ने लोन की राशि चुकाने में गिरावट देखी. घरेलू ब्रोकरेज फर्म आनंद राठी का कहना है कि जहां अक्टूबर में बैंक ने सबसे अधिक 24 फीसदी नए क्रेडिट कार्ड इश्यू किए, वहीं एसबीआई ने 20 फीसदी और और एक्सिस बैंक ने 7.8 लाख नए क्रेडिट कार्ड जारी किए. बीते कई सालों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए मई 2024 में बैंकिंग सेक्टर अब तक के सबसे कम 7.6 लाख ग्राहकों को ही क्रेडिट कार्ड से जोड़ने में सफल रहा. हालांकि अगर सिर्फ सालाना आधार की बात करें, तो पिछले साल अक्टूबर के मुकाबले इस साल इसी महीने में क्रेडिट कार्ड इश्यू होने की संख्या में 45 फीसदी की गिरावट देखी गई.

# साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड का इक्विटी 11 को खुलेगा

**मुंबई.**




साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड ("साई लाइफ" या "कंपनी"), बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के संबंध में बोली/ऑफ़र अवधि खोलने का प्रस्ताव करती है। इस ऑफ़र में कंपनी द्वारा ₹9,500 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू ("ताज़ा इश्यू") और कंपनी के कुछ मौजूदा शेयरधारकों ("बिक्री करने वाले शेयरधारक") द्वारा 38,116,934 इक्विटी शेयरों ("बिक्री के लिए ऑफ़र") की बिक्री की पेशकश शामिल है। कंपनी ने शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए सभी या कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक रूप से पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए करने का प्रस्ताव किया है, जिसकी अनुमानित राशि ₹7,200 मिलियन है और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए उपयोग की जाएगी।

बिक्री के लिए प्रस्ताव में साई क्वेस्ट सिं प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 6,454,780 इक्विटी शेयर, टीपीजी एशिया वीआईआई एसएफ पीटीई लिमिटेड द्वारा 23,159,368 इक्विटी शेयर, एचबीएम प्राइवेट इक्विटी "निवेशक विक्रय शेयरधारक") द्वारा 6,210,186 इक्विटी शेयर और भारती श्रीवारी द्वारा 650,000 इक्विटी शेयर, अनीता रुद्रराजू नंद्याला द्वारा 500,000 इक्विटी शेयर, राजू पेनमस्ता द्वारा 500,000 इक्विटी शेयर, डॉ. डर्क वाल्टर सार्टोर द्वारा 250,000 इक्विटी शेयर, जगदीश विश्वनाथ डोरे द्वारा 245,100 इक्विटी शेयर, राजगोपाल श्रीराम तत्ता द्वारा 62,500 इक्विटी शेयर तक, के पांडु रंगा राजू द्वारा 80,000 इक्विटी शेयर तक और वेंकट नरसिम्हा शास्त्री रेंडुचिंतला द्वारा 5,000 इक्विटी शेयर तक। 10 दिसंबर, 2024 को खुलेगी और बंद होगी। बोली/प्रस्ताव अवधि बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को सदस्यता के लिए खुलेगी और शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को बंद होगी। प्रस्ताव का मूल्य बैंड ₹522 से ₹549 प्रति इक्विटी शेयर ("मूल्य बैंड") तय किया गया है। बोलियाँ न्यूनतम ... इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद ... इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती हैं। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (''बीएसई'') और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (''एनएसई'' बीएसई के साथ मिलकर, ''स्टॉक एक्सचेंज'') के स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किए जाने का प्रस्ताव है। ऑफर के प्रयोजनों के लिए, एनएसई नामित स्टॉक एक्सचेंज है।

# 'इसुजू आई केयर विंटर कैंप' की घोषणा




**नई दिल्ली.**

इसुजू मोटर्स इंडिया ने वाहन स्वामित्व का बेहतरीन और अतुलनीय अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ पूरे देश में 'इसुजू आई केयर विंटर कैम्प' की घोषणा की है। इसुजू डी-मैक्स पिकअप और एसयूवी के लिए डिज़ाइन किए गये ये शिविर पूरे देश में इसुजू वाहन मालिकों को आकर्षक लाभ और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस जांच प्रदान करेंगे। 'इसुजू केयर' द्वारा 09 से 14 दिसंबर 2024 (ये दोनों दिन भी शामिल) के बीच सभी अधिकृत इसुजु डीलर सर्विस आउटलेट्स पर विंटर कैम्प लगाया जा रहा है। इस अवधि में ग्राहकों को उनके वाहनों के लिए विशेष ऑफर और लाभ दिये जा रहे हैं।

'विंटर कैम्प' अहमदाबाद, बारामूला, बेंगलुरु, भांडुप (मुंबई), कालीकट, चेन्नई, कोयंबतूर, दीमापुर, गांधीधाम, गोरखपुर, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हिसार, हुबली, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, जयगांव, जम्मू, जालंधर, जोधपुर, करनाल, कोच्चि, कोल्हापुर, कोलकाता, कुरनूल, लखनऊ, एलबी नगर (हैदराबाद), लेह, मदुरई, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मुंबई, मैसूर, नागपुर, नासिक, नई दिल्ली, नोएडा, नेल्लौर, पुणे, रायपुर, रत्नागिरी, राजामुंदरी, राजकोट, सतारा, शिवमोग्गा, सिलीगुड़ी, सोलापुर, सूरत, तिरुनेलवेली, तिरूपति, त्रिवेंद्रम, वडोदरा, विजयवाडा, और विशाखापतनम में इसुजू के अधिकृत सर्विस केंद्रों में लगाये जाएँगे। ग्राहक अपने नज़दीकी इसुजू डीलर आउटलेट पर कॉल करके या https://isuzu.in/connect-to-service/ पर विजिट करके सर्विस बुक कर सकते हैं। ज़्यादा जानकारी के लिये 1800 4199 188 (टोल फ्री) पर संपर्क करें।

# डॉ. नितिन तिवारी ने की 'मित्रा क्लिप' प्रक्रिया से सर्जरी की

**नई दिल्ली.**

एक 57 वर्षीय व्यक्ति वोक्हार्ट हॉस्पिटल में आए और डॉ. नितिन तिवारी, सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट से मिले, जो पिछले 19 वर्षों से वोक्हार्ट हॉस्पिटल में कार्यरत हैं। मरीज को गंभीर हार्ट फेल्युचर की समस्या थी (हृदय की पंपिंग 25 फीसदी से भी कम हो जाना) और बॉल्य लीक (माइट्रल रेगुगिटेशन) हो गया था। उनकी धड़कनें भी रुक गई थीं और दोनों फेफड़े तरल पदार्थ से भर गए थे। उन्हें सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी वह मुश्किल से सांस ले पा रहे थे और उनकी छाती के दोनों तरफ पाइप लगाए गए थे, इसके अलावा वह तीन महीने से ज्यादा समय तक अलग-अलग हॉस्पिटल में भर्ती रहे थे।

डॉ. तिवारी ने उनका इलाज शुरू किया और उनकी स्थिति को स्थिर करने के लिए एआईसीडी (ऑटोमेटेड इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर) लगाया।

इसके बाद डॉ. तिवारी ने मरीज के लीक हो रहे वाल्व (माइट्रल रेगुर्गिटेशन) को ठीक करने का फैसला किया, जिसके कारण उनके हृदय में सूजन आ गई थी। उनकी कमजोर स्थिति और पंपिंग क्षमता को देखते हुए, छाती को खोलना एक कठिन विकल्प था।



इसीलिए डॉ. नितिन तिवारी ने एक मिनिमली इनवेसिव ट्रांस-कैथेटर माइट्रल वाल्व रिपेयर करने का विचार किया जिसे "मित्रा क्लिप" कहा जाता है। इस प्रक्रिया में छाती खोलने और हृदय को अस्थायी रूप से रोकने की आवश्यकता नहीं होती है।

"मित्रा क्लिप" प्रक्रिया में, जांघ के माध्यम से एक कैथेटर डाला जाता है (एंजियोप्लास्टी प्रक्रिया की तरह) और माइट्रल वाल्व पर एक छोटा सा क्लिप लगाया जाता है ताकि वॉल्व पूरी तरह से बंद हो सके, हृदय में सामान्य रक्त प्रवाह बहाल हो सके।

यह प्रक्रिया सफल रही और मरीज को बाद में छुट्टी दे दी गई। डॉ. नितिन तिवारी ने बताया कि मध्य भारत में पहली बार "मित्रा क्लिप" प्रक्रिया से सर्जरी की गई। हार्ट फेल्युयर और लीक वाल्व वाले मरीजों को लेटने पर सांस लेने में तकलीफ, थकान, सूखी खांसी, पैरों में सूजन, भूख की कमी और व्यायाम करने में असमर्थता होती है।

अगर इसका इलाज नहीं किया जाए, तो 57 फीसदी लोग एक साल से अधिक जीवित नहीं रहते। डॉ. नितिन तिवारी ने डॉ. रवि बागली, डॉ. विनोद कारोटवार, अमित मुखर्जी, शांतनु, डॉ. पंकज जैन चौधरी, डॉ. अवंतिका जैसवाल, राउत, देवेंद्र, सिस्टर विद्या और सभी कैथ लैब स्टाफ का आभार व्यक्त किया और इस प्रक्रिया की सफलता के लिए धन्यवाद दिया। डॉ. नितिन तिवारी ने कहा कि यह "मित्रा क्लिप" प्रक्रिया इस क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

# निवेशकों के लिए सुनहरा मौका

## फार्मा दिग्गज कंपनी ला रही आईपीओ

**नई दिल्ली.**

निवेशकों के लिए सुनहरा मौका है. जल्दी ही फार्मा सेक्टर की एक दिग्गज कंपनी आईपीओ लाने जा रही है. इस कंपनी का नाम साई लाइफ साइंसेज है. यह कंपनी आईपीओ के जरिए प्राथमिक बाजार से तीन हजार करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी है. कंपनी स्मॉल मोलिक्यूल न्यू केमिकल इंटीटिज को डेवलप और मैन्यूफक्चर करती है. आसान भाषा में अगर कहें तो फार्मा सेक्टर यानी दवा बनाने वाली कंपनियों के लिए रिसर्च एवं डेवलपमेंट में सहयोग करती है. उनके लिए उत्पादन से लेकर वैल्यू चेन तक के लिए एंड टू एंड सर्विसेज उपलब्ध कराती है.

साई लाइफ साइंसेज की ओर से लाए जा रहे 3042 करोड़ के इस आईपीओ के लिए निवेशक 11 दिसंबर यानी बुधवार से बोली लगा सकेंगे. आईपीओ 13 दिसंबर तक बोली के लिए खुला रहेगा. इसके तहत तीन करोड़ 81 लाख शेयरों को ऑफर फॉर सेल के जरिए बेचा जाना है.

जबकि 900 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू आ रहा है. इनमें 35 फीसदी शेयर खुदरा निवेशकों के लिए, 50 फीसदी शेयर योग्य संस्थागत निवेशको के लिए और 15 फीसदी गैर योग्य संस्थागत निवेशकों के लिए उपलब्ध रहेंगे. आईपीओ का प्राइस बैंड 522 रुपये से 549 रुपये के बीच तय किया गया है. आवेदन करने के लिए निवेशकों को कम से कम 27 शेयर खरीदने होंगे. खुदरा निवेशकों के लिए न्यूनतम निवेश राशि 14,823 रुपये है. साई लाइफ साइंसेज के सीईओ कृष्णम राजू कनुमूरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनकी कंपनी दुनिया की शीर्ष 25 बायोटेक कंपनियों में से 18 के साथ काम करती है.

# सोना 79150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर

**नई दिल्ली.** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 79,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। हालांकि, चांदी 300 रुपये की गिरावट के साथ 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। गुरुवार को चांदी 93,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी शुक्रवार को 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 181 रुपये यानी 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,657 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। जानकारों के अनुसार, "एमसीएक्स पर सोने में मामूली बढ़त दर्ज की गई, क्योंकि बाजार आज शाम को गैर-कृषि वेतन और बेरोजगारी के महत्वपूर्ण आंकड़ों का इंतजार कर रहा है। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतीन त्रिवेदी ने कहा, "फेड के नीतिगत दृष्टिकोण को आकार देने के लिए ये मीट्रिक्स महत्वपूर्ण हैं। जबकि सोना सकारात्मक रुख बनाए हुए है।

# ईडी ने जब्त की 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति

**नई दिल्ली.**

प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में चल रही धन शोधन जांच के तहत करीब 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति कुर्क की है। एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों के कथित रूप से शामिल होने का आरोप है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इनमें चल संपत्तियां शामिल हैं। इन संपत्तियों में मॉरीशस स्थित कंपनी तानो इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज फंड की संपत्तियां, इएफपीआई और एफडीआई के माध्यम से दुबई स्थित "हवाला ऑपरेटर" हरि शंकर टिबरेवाल से संबंधित निवेश और छत्तीसगढ़, मुंबई व मध्य प्रदेश में कई सट्टेबाजी एप और वेबसाइटों के प्रमोटरों, पैनल ऑपरेटरों और प्रमोटरों के सहयोगियों के नाम पर मौजूद संपत्तियां हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए 5 दिसंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था, जिसका कुल मूल्य 387.99 करोड़ रुपये है। इस मामले में एजेंसी टिबरेवाल से पूछताछ कर रही है।ईडी ने इस जांच के दौरान कई ऐसे आदेश जारी किए हैं और नवीनतम आदेश के साथ अब तक 2,295.61 करोड़ रुपये की संपत्ति या तो फ्रीज, कुर्क या जब्त कर ली गई है।

इस मामले में ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है और ईडी ने चार आरोपपत्र दायर किए हैं। एजेंसी ने पहले भी आरोप लगाया है कि महादेव ऑनलाइन बेटिंग (एमओबी) गेमिंग और बेटिंग एप की जांच में छत्तीसगढ़ के कई बड़े नेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। एप के दो मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल इसी राज्य से हैं। ईडी के अनुसार, एमओबी एक एक व्यापक सिंडिकेट है, जो अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों को नए उपयोगकर्ताओं को नामांकित करने, उपयोगकर्ता आईडी बनाने और बेनामी बैंक खातों के एक स्तरित वेब के माध्यम से धन शोधन करने में सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की व्यवस्था करता है।

# 6,600 लोगों को नौकरियां मिलेंगी



## > 85 केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे

**नई दिल्ली.**

केंद्र सरकार ने कुछ अहम फैसले लिए हैं. कैबिनेट की बैठक में देश भर में 85 केंद्रीय विद्यालय, 25 नवोदय विद्यालय और दिल्ली मेट्रो परियोजना को बढ़ाने को मंजूरी दे दी है. कैबिनेट के इस फैसले से करीब 80 हजार छात्रों को फायदा मिलेगा और करीब 6,600 लोगों को नौकरियां मिलेंगी. केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई, जिस बैठक में मंत्रिमंडल में दिल्ली और हरियाणा के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए लगभग 26 किमी लंबे दिल्ली मेट्रो के चौथे फेज, रिठाला-नरेला-कुंडली कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है.

इसके साथ ही देश भर में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए 85 केंद्रीय विद्यालय और 28 नवोदय विद्यालय खोलने को भी मंजूरी दे दी है. सरकार ने 85 नए केवी खोलने पर भी मुहर लगाई है.

13 विद्यालय जम्मू-कश्मीर में , मध्य प्रदेश में 11, राजस्थान में 9, ओडिशा के 8, आंध्र प्रदेश में 8, उत्तर प्रदेश में 5, उत्तराखंड में 4, छत्तीसगढ़ में 4, हिमाचल प्रदेश में 4, कर्नाटक में 3 केवी खुलेंगे. इसके अलावा सरकार ने 3 गुजरात में, महाराष्ट्र में 3, झारखंड में 2, तमिलनाडु में 2, त्रिपुरा में 2, दिल्ली में 1, अरुणाचल प्रदेश में 1 और 1-1 स्कूल असम और केरल में खोलने का फैसला किया है. केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में केवी के साथ-साथ जेएनवी स्कूल भी खोले जाएंगे. सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में 8, असम में 6 मणिपुर में 3, कर्नाटक में 1, महाराष्ट्र में 1, तेलंगाना में 7 और पश्चिम बंगाल 2 विद्यालय खुलेंगे. नए नवोदय विद्यालयों के लिए कुल अनुमानित धनराशि 2,359.82 करोड़ रुपये है जिसे 2024-25 से 2028-29 तक दिया जाएगा. इसमें 1,944.19 करोड़ रुपये का कैपिटल व्यय और 415.63 करोड़ का ऑपरेशनल व्यय शामिल है.

### मेट्रो परियोजना पर खर्च होंगे 6230 करोड़

केंद्र सरकार ने दिल्ली एनसीआर में मेट्रो कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मेट्रो के फेज 4 कॉरिडोर को शुरू करने का फैसला किया है, जिसके लिए 6230 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है. इस परियोजना के तहत दिल्ली के नरेला, बवाना और रोहिणी के इलाकों में कनेक्टिविटी बढ़ाई जाएगी और इसमें कुल 21 स्टेशन शामिल होंगे.

## महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी

निकाल — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 49 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 07/12/2024

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 7244 | 5988 (किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली) | 3653 (श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई) | 0689 | 4306 (श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई) |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 5383 (पवार लॉटरी - ठाणे) | 6263 | | | | | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1163 | 3859 (रुखमणी एन्टरप्रायझेस, औरंगाबाद) | 5068 (श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई) | 6272 | 7485 | | | | | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 2132 | 2389 | 3491 | 4955 | 6388 | 6862 | 7342 | 8036 | 8310 | 9627 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 1118 | 1155 | 2758 | 2814 | 4077 | 4583 | 5023 | 5802 | 8365 | 9214 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0507 | 1766 | 2571 | 3373 | 3991 | 5142 | 6007 | 7161 | 7980 | 8928 |
| | 0648 | 1781 | 2577 | 3375 | 4048 | 5355 | 6093 | 7172 | 8017 | 9029 |
| 0005 | 0688 | 1840 | 2629 | 3394 | 4074 | 5359 | 6199 | 7253 | 8048 | 9122 |
| 0027 | 0701 | 1852 | 2680 | 3404 | 4148 | 5369 | 6219 | 7286 | 8069 | 9146 |
| 0037 | 0967 | 1911 | 2715 | 3436 | 4247 | 5375 | 6241 | 7324 | 8127 | 9259 |
| 0064 | 1018 | 1958 | 2812 | 3438 | 4410 | 5435 | 6344 | 7338 | 8196 | 9359 |
| 0080 | 1024 | 2027 | 2920 | 3535 | 4414 | 5457 | 6434 | 7436 | 8201 | 9413 |
| 0090 | 1031 | 2062 | 3002 | 3559 | 4424 | 5534 | 6522 | 7449 | 8213 | 9524 |
| 0116 | 1106 | 2078 | 3032 | 3582 | 4446 | 5537 | 6637 | 7703 | 8288 | 9598 |
| 0130 | 1141 | 2162 | 3036 | 3610 | 4472 | 5560 | 6651 | 7704 | 8329 | 9743 |
| 0180 | 1148 | 2192 | 3132 | 3653 | 4548 | 5571 | 6663 | 7705 | 8359 | 9813 |
| 0207 | 1173 | 2201 | 3163 | 3659 | 4687 | 5595 | 6664 | 7708 | 8446 | 9818 |
| 0240 | 1193 | 2209 | 3252 | 3672 | 4850 | 5647 | 6668 | 7779 | 8478 | 9819 |
| 0241 | 1358 | 2229 | 3253 | 3759 | 4915 | 5704 | 6713 | 7807 | 8482 | 9836 |
| 0305 | 1415 | 2322 | 3260 | 3763 | 5035 | 5715 | 6773 | 7823 | 8608 | 9854 |
| 0340 | 1468 | 2375 | 3264 | 3781 | 5055 | 5728 | 6924 | 7860 | 8618 | 9871 |
| 0404 | 1677 | 2399 | 3332 | 3814 | 5094 | 5805 | 7019 | 7871 | 8753 | 9945 |
| 0480 | 1718 | 2452 | 3334 | 3889 | 5121 | 5846 | 7057 | 7900 | 8827 | 9966 |
| 0490 | 1748 | 2458 | 3367 | 3937 | 5135 | 5953 | 7126 | 7939 | 8909 | 9985 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.50/- — सोडत दिनांक 10-12-2024
जिंका फक्त 5 अंकावर रु. 22 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. (रु. 11 लाखाची x 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस रु. 2 लाख (रु. 10 हजाराची x 20 बक्षिसे) — सातवे बक्षिस रु. 12 लाख (रु. 150 ची x 8000 बक्षिसे)
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी सोडत दिनांक 07/12/2024 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्रलक्ष्मी विकली लॉटरी

सोडत दर शनिवारी — तिकीट किंमत रु. 50/- — सोडत क्र. 49 — सोडत दिनांक 07/12/2024

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख — ML-07 : 1387

उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- — पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी — 1387 — श्री गणेश एन्टरप्रायझेस - दादर, मुंबई; सुमित एजन्सी - मुंबई

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1884 | 2176 | 2479 | 3813 | 5389 | 5610 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 2131 | 3218 | 4397 | 6201 | 6412 | 6452 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 2065 | 2350 | 2688 | 5123 | 5726 | 6016 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 1750 | 1968 | 2033 | 2067 | 5579 | 6698 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1798 | 2380 | 2802 | 3322 | 3661 | 4014 | 4461 | 4949 | 5459 | 5852 | 6290 | 6666 |
| | | 1813 | 2385 | 2822 | 3323 | 3667 | 4028 | 4480 | 5005 | 5473 | 5859 | 6306 | 6674 |
| 1003 | 1371 | 1814 | 2389 | 2826 | 3331 | 3678 | 4029 | 4484 | 5020 | 5475 | 5890 | 6326 | 6682 |
| 1011 | 1381 | 1882 | 2400 | 2877 | 3346 | 3683 | 4043 | 4493 | 5027 | 5488 | 5895 | 6328 | 6693 |
| 1020 | 1399 | 1891 | 2420 | 2884 | 3348 | 3687 | 4062 | 4547 | 5033 | 5495 | 5901 | 6347 | 6695 |
| 1031 | 1407 | 1909 | 2423 | 2889 | 3354 | 3699 | 4094 | 4574 | 5038 | 5505 | 5907 | 6363 | 6696 |
| 1038 | 1409 | 1931 | 2426 | 2903 | 3367 | 3703 | 4116 | 4594 | 5043 | 5509 | 5911 | 6379 | 6714 |
| 1042 | 1411 | 1936 | 2432 | 2920 | 3369 | 3707 | 4141 | 4604 | 5050 | 5520 | 5921 | 6393 | 6746 |
| 1051 | 1419 | 1938 | 2442 | 2961 | 3374 | 3736 | 4142 | 4644 | 5058 | 5538 | 5947 | 6396 | 6763 |
| 1053 | 1429 | 1987 | 2469 | 2972 | 3375 | 3751 | 4147 | 4667 | 5075 | 5545 | 5948 | 6397 | 6765 |
| 1058 | 1450 | 2000 | 2471 | 3031 | 3378 | 3770 | 4154 | 4671 | 5078 | 5549 | 5954 | 6398 | 6767 |
| 1084 | 1470 | 2012 | 2492 | 3032 | 3380 | 3778 | 4194 | 4674 | 5083 | 5551 | 5958 | 6446 | 6787 |
| 1100 | 1499 | 2017 | 2526 | 3050 | 3381 | 3781 | 4195 | 4676 | 5089 | 5556 | 5965 | 6452 | 6816 |
| 1101 | 1513 | 2019 | 2543 | 3073 | 3389 | 3793 | 4206 | 4683 | 5099 | 5567 | 6005 | 6457 | 6828 |
| 1110 | 1515 | 2020 | 2595 | 3075 | 3396 | 3801 | 4213 | 4692 | 5100 | 5570 | 6008 | 6466 | 6846 |
| 1114 | 1531 | 2021 | 2625 | 3084 | 3399 | 3816 | 4223 | 4711 | 5155 | 5588 | 6046 | 6491 | 6849 |
| 1128 | 1572 | 2022 | 2626 | 3106 | 3408 | 3827 | 4234 | 4718 | 5157 | 5605 | 6055 | 6495 | 6860 |
| 1140 | 1581 | 2033 | 2631 | 3112 | 3413 | 3832 | 4244 | 4724 | 5166 | 5611 | 6063 | 6508 | 6862 |
| 1145 | 1583 | 2044 | 2632 | 3133 | 3434 | 3833 | 4245 | 4742 | 5179 | 5618 | 6064 | 6517 | 6870 |
| 1146 | 1597 | 2051 | 2638 | 3135 | 3450 | 3837 | 4246 | 4743 | 5191 | 5625 | 6066 | 6522 | 6876 |
| 1157 | 1640 | 2071 | 2653 | 3142 | 3466 | 3838 | 4280 | 4746 | 5205 | 5633 | 6081 | 6560 | 6880 |
| 1158 | 1651 | 2110 | 2660 | 3143 | 3476 | 3853 | 4282 | 4747 | 5254 | 5646 | 6099 | 6566 | 6886 |
| 1168 | 1655 | 2125 | 2671 | 3166 | 3478 | 3876 | 4307 | 4748 | 5259 | 5692 | 6103 | 6568 | 6898 |
| 1170 | 1656 | 2148 | 2672 | 3170 | 3480 | 3878 | 4379 | 4750 | 5262 | 5697 | 6106 | 6577 | 6905 |
| 1173 | 1665 | 2204 | 2682 | 3193 | 3483 | 3883 | 4389 | 4774 | 5275 | 5702 | 6177 | 6578 | 6906 |
| 1198 | 1678 | 2210 | 2690 | 3204 | 3488 | 3888 | 4414 | 4800 | 5277 | 5705 | 6179 | 6592 | 6916 |
| 1222 | 1704 | 2211 | 2691 | 3214 | 3513 | 3900 | 4421 | 4804 | 5303 | 5751 | 6186 | 6607 | 6917 |
| 1246 | 1712 | 2266 | 2692 | 3233 | 3521 | 3912 | 4422 | 4832 | 5352 | 5755 | 6202 | 6609 | 6927 |
| 1269 | 1716 | 2272 | 2708 | 3246 | 3536 | 3930 | 4428 | 4834 | 5357 | 5764 | 6206 | 6615 | 6936 |
| 1281 | 1717 | 2284 | 2713 | 3254 | 3575 | 3932 | 4441 | 4844 | 5382 | 5769 | 6211 | 6623 | 6960 |
| 1296 | 1718 | 2287 | 2720 | 3269 | 3577 | 3933 | 4443 | 4848 | 5391 | 5785 | 6214 | 6628 | 6965 |
| 1297 | 1746 | 2294 | 2729 | 3283 | 3580 | 3934 | 4445 | 4879 | 5399 | 5809 | 6224 | 6629 | 6973 |
| 1307 | 1747 | 2313 | 2741 | 3293 | 3589 | 3938 | 4447 | 4882 | 5400 | 5811 | 6225 | 6637 | 6984 |
| 1321 | 1761 | 2348 | 2762 | 3298 | 3630 | 3963 | 4454 | 4922 | 5431 | 5813 | 6265 | 6649 | 6986 |
| 1359 | 1778 | 2360 | 2770 | 3306 | 3632 | 3964 | 4457 | 4942 | 5441 | 5834 | 6275 | 6655 | 6994 |
| 1361 | 1780 | 2361 | 2773 | 3316 | 3659 | 3973 | 4460 | 4946 | 5452 | 5847 | 6285 | 6661 | 6996 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी नाताळ विशेष मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 14-12-2024
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 22 लाख पहिले सामायिक बक्षिस — दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) — तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
महाराष्ट्रलक्ष्मी सोडत दिनांक 07/12/2024 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबावदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

विदर्भ स्टॉकिस्ट प्रविण कडू : 9822472123

**सुविचार**

आत्मविश्वास से हम किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। खुद पर विश्वास हमें की ओर ले जाता है।

# रविवारीय

# सर्दियों में रोजाना खाना शुरू कर दें बाजरे की रोटी





## > यूरिक एसिड से मिलेगा छुटकारा

❑ जिन फूड आइटम्स में प्यूरीन की मात्रा ज्यादा होती है, उनका सेवन लगातार या ज्यादा करने से शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है. आमतौर पर हाई प्रोटीन डाइट की वजह से हाई यूरिक एसिड की समस्या होती है. बता दें कि प्रोटीन नाइट्रोजन बेस्ड कंपाउंड होता है. जब प्रोटीन पच जाता है, तब इसमें मौजूद नाइट्रोजन को लिवर प्रोसेस करता है और इसे यूरिया या फिर यूरिक एसिड में बदल देता है. वैसे तो किडनी यूरिया और यूरिक एसिड को ब्लड से फिल्टर करके यूरिन के जरिए शरीर से बाहर निकाल देती है, लेकिन ज्यादा मात्रा में प्रोटीन का सेवन करने से यूरिक एसिड शरीर में बढ़ जाता है.

अगर आपको हाई यूरिक एसिड की प्रॉब्लम है तो आप इसे अपनी डाइट के जरिए आराम से कंट्रोल कर सकते हैं. हाई यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में मोटा अनाज काफी मदद करता है. वैसे भी सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है, ऐसे में आप बाजरे जैसे मोटे अनाज को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं. बाजरे का आटा सेहत के काफी फायदेमंद होता है. इसमें प्यूरिन की मात्रा कम होती है और ये पोटैशियम से भरपूर होता है. चूंकि, इसमें पोटैशियम की मात्रा अच्छी होती है. इसलिए शरीर से यूरिक एसिड को निकालने में मदद करता है.

अगर आप बाजरे के आटे से बनी रोटी का रोजाना सेवन करेंगे तो इससे आपका यूरिक एसिड कंट्रोल में रहेगा. इसके अलावा, बाजरे की रोटी के और भी कई फायदे होते हैं, जिनके बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे. बाजरे में भरपूर मात्रा में आयरन, जिंक, प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट्स विटामिन और फाइबर पाए जाते हैं. ऐसे में इसमें मौजूद पोषक तत्व न सिर्फ आपके चेहरे पर मौजूद झुर्रियों को दूर करते हैं बल्कि इससे आपके चेहरे पर एक अलग ग्लो भी आता है. कुल मिलाकर ये स्किन को टाइट रखने में मदद करता है.

## इन बीमारियों से भी पाएं निजात

बाजरे में मैग्नीशियम भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जिसकी वजह से ये आपके हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखता है. बाजरे की रोटी का सेवन डायबिटीज के मरीजों को जरूर करनी चाहिए क्योंकि ये आपके ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करेगी. आप इसका सेवन करके कब्जे से भी छुटकारा पा सकते हैं क्योंकि ये फाइबर से भरपूर होता है. बाजरा हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है, खराब कोलेस्टॉल को कम करता है और कई तरह के संक्रमण से शरीर की रक्षा करता है.

# दोस्त की शादी में जान्हवी दिखना चाहती हैं ग्लैमरस



❑ वेडिंग सीजन चल रहा है. ऐसे में कई सारे फंक्शन चल रहे हैं. ऐसे में महिलाएं इस बात को लेकर भी थोड़ा कंफ्यूज रहती हैं किवो आखिर हर फंक्शन में अलग कैसे दिखें? कई बार तो महिलाएं आखिर तक ये तय नहीं कर पाती हैं कि वो पार्टी में जाने के लिए क्या पहनेंगी? ऐसे में उन्हें कुछ ऐसा पहनना पड़ता है, जो पहनने का मन नहीं था या उन्होंने बस जबरदस्ती पहन लिया है.

फिलहाल, अगर आपके किसी फ्रेंड की शादी जल्द ही होने वाली है और आपने अब तक ये तय नहीं किया है कि आपको उनके फंक्शन में क्या पहनना है तो अभी भी देर नहीं हुई है. आप बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर से इंस्पायर्ड होकर अपने लिए कोई न कोई एथनिक वियर का आइडिया ले सकती हैं. जान्हवी कपूर के फैशन सेंस की बात की जाए तो वो बहुत ही लाजवाब है. जान्हवी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, जहां वो अक्सर ही अपने ट्रेंडी लुक्स शेयर करती रहती हैं. ऐसे में आप जरूर उनसे इस मामले में इंस्पिरेशन ले सकती हैं.

किसी दोस्त की शादी में ग्लैमरस दिखने के लिए आप जान्हवी कपूर के इस मरमेड लुक को रीक्रिएट कर सकती हैं. गोल्डन कलर के डीप-नेक ब्लाउज के साथ जान्हवी ने मरमेड-कट लॉन्ग स्कर्ट कैरी की है. अपने लुक को उन्होने गोल्डन कलर के क्लच और हैवी ईयररिंग्स के साथ पूरा किया है. आप चाहे तो इस लुक में थोड़े बदलाव कर सकती हैं. उन्होंने इस लुक के साथ ओपन हेयर कैरी किए हैं, आप चाहे तो कोई और हेयरस्टाइल बना सकती हैं.

## अलग तरीके से स्टाइल करें साड़ी

अगर आपका साड़ी ही पहनने का मन है, लेकिन आप कुछ अलग और ग्लैमरस दिखना चाहती हैं तो जाह्नवी की तरह शिमरी साड़ी कैरी कर सकती हैं. एक्ट्रेस ने पर्पल कलर की साड़ी को डिजाइनर ब्लाउज के साथ बहुत अच्छे से कैरी किया है. जान्हवी ने अपने लुक को झुमके, अंगूठी और एक नेकलेस के साथ कंपलीट किया. इसके साथ ही, एक्ट्रेस ने बहुत ही सटल मेकअप को ऑप्ट किया है.

# सर्दियों में करें अंडे का सेवन



सर्दियों में अंडे खाने से शरीर को कई तरह के फायदे होते हैं. यह एक पौष्टिक होने के साथ-साथ ऊर्जा से भरपूर आहार है. इन्हें खाने से शरीर फिट रहने के अलावा बीमारियों से भी दूर रहता है. ठंड में अंडा न केवल शरीर को गर्म रखता है, बल्कि पोषण भी प्रदान करता है. लेकिन इस सीजन में कितने अंडे रोजाना खाने चाहिए? आइए इसके बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं. न्यूट्रिशनिस्ट नमामी अग्रवाल कहती हैं कि अंडे में प्रोटीन, विटामिन A, D, E और B12, आयरन, जिंक और सेलेनियम जैसी चीजें होती हैं. इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड्स भी होते हैं, जो दिल की सेहत के लिए फायदेमंद हैं. अंडे खाने की मात्रा व्यक्ति की उम्र, स्वास्थ्य, लाइफस्टाइल हैबिट्स पर निर्भर करती है.

ऊर्जा का स्रोत: सर्दियों में शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा की आवश्यकता होती है क्योंकि ठंडे मौसम में शरीर को गर्म रखने के लिए ज्यादा ऊर्जा की खपत होती है. अंडे में प्रोटीन और हेल्दी फैट्स होते हैं, जो शरीर को पर्याप्त ऊर्जा प्रदान करते हैं.

इम्यून सिस्टम को बढ़ावा: अंडे में विटामिन डी की अच्छी मात्रा होती है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद करता है. सर्दियों में अक्सर लोग सूरज की रोशनी से कम संपर्क में होते हैं, जिससे विटामिन डी की कमी हो सकती है. ऐसे में अंडे इस कमी को पूरा करने का एक बेहतरीन स्रोत हैं. त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद: सर्दियों में ठंडी हवा और नमी कम होने से त्वचा और बालों में सूखापन आ सकता है. अंडे में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स और विटामिन ई होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेटेड रखने और बालों की सेहत को बनाए रखने में मदद करते हैं. मसल्स की ताकत: अंडे प्रोटीन का अच्छा स्रोत होते हैं, जो मसल्स को मजबूत बनाने में मदद करता है. सर्दियों में जब लोग अक्सर व्यायाम करते हैं या शारीरिक गतिविधियों में वृद्धि करते हैं, तो अंडे खाने से मसल्स को अच्छे से रिकवरी करने में मदद मिलती है. रोजाना कितने अंडे खाने चाहिए आमतौर पर, एक स्वस्थ व्यक्ति को हर दिन 1 से 2 अंडे खाने की सलाह दी जाती है. अगर आप व्यायाम करते हैं या शारीरिक गतिविधियों में ज्यादा एक्टिव रहते हैं, तो आप 3 अंडे तक भी खा सकते हैं. इस बात का ध्यान रखें कि अंडे में कोलेस्ट्रॉल की भी मात्रा होती है, इसलिए ज्यादा अंडे खाने से पहले डॉक्टर से सलाह लेना उचित रहेगा.

# आंखों के चश्मे का नंबर कम हो सकता है

आजकल आंखों की रोशनी कमजोर होना आम बात हो गई है. इसकी वजह से चश्मा लगाने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ रही है. खराब खानपान और लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण कम उम्र के बच्चों को चश्मा लग गया है. लेकिन कुछ लोगों के मन में ये सवाल रहता है कि क्या आंखों के चश्मे का नंबर कम हो सकता है या नहीं? तो आइए आंखों के विशेषज्ञ से इस सवाल का जवाब जानते हैं.बासु आई केयर के डायरेक्टर डॉ. मनदीप बासु कहते हैं कि कम उम्र में बच्चों को चश्मा लग जाना पेरेंट्स के लिए भी चिंता का विषय है. डॉ. मनदीप बासु का कहना है कि फिजिकल हेल्थ की तरह ही आंखों पर ध्यान देना भी जरूरी है ताकि इनकी रोशनी कम न हो.

स्क्रीन टाइम: आजकल लोगों का स्क्रीन टाइम काफी बढ़ गया है. 9 से 10 घंटे ऑफिस में काम करने के बाद मोबाइल चलाने के कारण भी आंखों को रेस्ट नहीं मिल पाता. इससे आंखें कमजोर होती हैं. जंक फूड भी इसका कारण हैं.

मायोपिया: इसमें दूर की चीजें धुंधली दिखने लगती हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, पूरे विश्व में मायोपिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. आज पूरे विश्व में एक अरब से ज्यादा लोगों को निकट दृष्टि दोष है. इनमें से लगभग दस प्रतिशत लोगों का मायोपिया इतना गंभीर होता है कि उनकी कम्पलीट विज़न लॉस हो जाती है।

जेनेटिक्स: अगर माता-पिता को मायोपिया या रोशनी से जुड़ी समस्या थी, तो



यह बच्चों में भी हो सकती है. इन कारणों की पहचान के लिए उचित जांच करवाना आवश्यक है.

स्क्रीन टाइम को सीमित करें: इसके लिए आपको 20-20-20 रूल अपनाना जरूरी है. जब आप कंप्यूटर इस लैपटॉप पर काम करते हैं तो आपको हर 20 मिनट बाद 20 सेकंड का ब्रेक ले लेना चाहिए और फिर 20 फीट दूर देखिए. काम करने की बाद रोज पर्याप्त नींद लें और आंखों को आराम दें. इसके साथ ही, आंखों का व्यायाम करने से काफी आराम मिलता है.

हर्बल उपचार: त्रिफला और आंवला जैसे आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां विज़न लॉस और आंखों को पोषण देने में मददगार हैं. संतुलित आहार लेना सेहत के लिए बहुत जरूरी है. इसके साथ ही, विटामिन ए वाले फूड्स आंखों की सेहत के लिए लाभकारी होते हैं. गाजर और पालक जैसे फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करें.

हरी सब्जियां: हरी पत्तेदार सब्जियां ज्यादा खाएं.हरी पत्तेदार सब्जियां ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन से भरपूर होती हैं, जो कैरोटीनॉयड हैं. ये आंखों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं. ओमेगा-3 फैटी एसिड का सेवन बढ़ाएं.

एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर छोटे बच्चों या वयस्कों के चश्मे का नंबर पहले से ही कम हो और उसका सही समय पर इलाज करवाया जाए तो इसका नंबर उससे कम हो सकता है. इसके साथ अगर आप सही डाइट और लाइफस्टाइल का पालन करें यानी विटामिन A और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर आहार का सेवन करें. इससे भी आंखों की पावर सुधारी जा सकती है. अगर किसी की आंखों में हाई मायोपिया (नजदीक की नजर ज्यादा कमजोर) या हाइपरोपिया (दूर की नजर ज्यादा कमजोर) है, तो चश्मे का नंबर कम करना या इसे हटाना मुश्किल हो सकता है. चश्मे का नंबर कुछ कंडीशन में कम किया जा सकता है. हालांकि, इसके लिए आंखों के विशेषज्ञ सर्जरी का विकल्प दे सकते हैं.

# नहाने के बाद त्वचा पर किन चीजों को लगाएं?



ठंड के मौसम में स्किन का ज्यादा ध्यान रखना पड़ता है. इस मौसम में त्वचा जल्दी ड्राई होती है. इससे स्किन में रैशेज या फिर खुजली की दिक्कत हो सकती है. चूंकि ठंड के मौसम में कई सारे लोग गर्म पानी से नहाना पसंद करते हैं. इससे त्वचा में मौजूद नेचुरल ऑयल खत्म होने लगते हैं. इससे स्किन से जुड़ी दिक्कतें बढ़ने लगती हैं.

ऐसे में जरूरी है कि नहाने के बाद त्वचा का सही तरीके से ध्यान रखा जाए, ताकि वह स्वस्थ और चमकदार बनी रहे. ठंड में नहाने के बाद त्वचा को नमी और हाइड्रेशन देने के लिए कुछ खास चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस आर्टिकल में हम जानेंगे कि ठंड में नहाने के बाद बॉडी पर क्या लगाना चाहिए.

ठंड में त्वचा में नमी की कमी हो जाती है, जिससे वह सूखी और बेजान हो सकती है. नहाने के बाद अच्छे मॉइश्चराइज़र का इस्तेमाल करना जरूरी है. इस मौसम में ऐसे मॉइश्चराइज़र को स्किन पर अप्लाई करें, जो त्वचा की गहराई तक असर दिखाएं. आपशिया बटर,कोको बटर या फिरग्लिसरीन वाले मॉइश्चराइज़र लगा सकती हैं.

अगर आपकी त्वचा ज्यादा ड्राई हो रह है तोनहाने के बाद हल्के हाथों से ऑलिव ऑयल या नारियल तेल लगा सकते हैं. ये त्वचा में गहराई से समा जाते हैं और त्वचा को नरम और हाइड्रेटेड बनाए रखते हैं. ठंड के मौसम में बॉडी लोशन का इस्तेमाल भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है. यह न सिर्फ त्वचा को नरम बनाता है, बल्कि ठंड से बचाने में भी मदद करता है. आप ऐसे बॉडी लोशन का चुनाव करें जिनमें विटामिन E और अन्य हाइड्रेटिंग तत्व मौजूद हों.

हाइड्रेटिंग बॉडी मिस्ट या स्प्रे त्वचा को ताजगी प्रदान करता है. यह त्वचा में नमी बनाए रखने में मदद करता है. इसमें पानी और हाइलूरोनिक एसिड जैसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को नमी प्रदान करते हैं. सर्दियों में इसे भी स्किन केयर रुटीन में शामिल कर सकती हैं. एलोवेरा में बहुत सारे एंटीऑक्सीडेंट और हाइड्रेटिंग गुण होते हैं. यह त्वचा को नमी प्रदान करने के साथ-साथ किसी भी जलन या खुजली को शांत करने में भी मदद करता हैय ठंड में नहाने के बाद अगर त्वचा पर खुजली या जलन हो, तो एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें.

# जीरे का पानी वजन कम करने में बेहतर

आज के समय बढ़ते वजन से कई लोग परेशान है. हर कोई चाहता है कि वो फिट और हेल्दी रहे. इसके लिए लोग कई तरह के उपाय भी करते हैं. जैसे जिम जाना, रनिंग करना, डाइटिंग करना. वहीं कुछ लोग इसके लिए घरेलू उपाय भी करते हैं. घर में मौजूद कुछ ऐसे मसाले हैं जिनके इस्तेमाल से वजन कम करने में मदद भी मिलती हैं जिसमें जीरा और धनिया शामिल है. धनिया और जीरा पानी के साथ मिलकर भी पिया जाता है. ये दोनों ही मेटाबोलिजम को कम करने और बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं. लेकिन वजन कम करने के लिए दोनों में से कौन ज्यादा बेहतर है? चलिए इस आर्टिकल में जानते हैं.

जीरा पानी बनाने के लिए जीरे को पानी में भिगो या उबाल सकते हैं. ये वजन कम करने में काफी अच्छा होता है. इसे पीने से डाइजेस्टिव सिस्टम काफी अच्छा रहता है. साथ ही ये मेटाबॉलिज्म



को भी ठीक रहता है और कैलोरिज को बर्न करता है.

**पाचन में फायदेमंद:** अगर आपका पाचनतंत्र ठीक नहीं तो ये आपके बढ़ते वजन का कारण हो सकता है. इसलिए रोज पानी के साथ जीरा पीने से आपके पाचन को काफी फायदा पहुंचता है. बॉडी डिटॉक्स : जीरा में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं. जो आपके शरीर से टॉक्सिन को निकालने में मदद करता है. इससे आपके वजन कम करके की प्रकिया में फायदा मिलता है.

**कैलोरी फ्री :** जीरे कैलोरी फ्री होता है. इसलिए इसके सेवन से आपके शरीर के अंदर कोई भी केलोरी नहीं पहुंचती. आप अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में इसे बेफ्रिक होकर ले सकते हैं. धनिया के पानी को बनाने के लिए भी आपको इसे पानी में उबालना या भिगोना होता है. ये भी वजन कम करने में सहायक है. इसे पीने के भी कुछ खास फायदे हैं. डाइट्री फाइबर से भरपूर: धनिया के बीज में फायबर से भरपूर होते हैं, जो पेट को ज्यादा खाने से भी रोकता है. इससे गैस, अपच, कब्ज और एसिडिट जैसी समस्याएं नहीं होती हैं. मेटाबोल्जिम में सहायक : धनिया के पानी से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है. वजन कम करने के लिए दोनों ही पानी बढ़िया हैं. लेकिन ये आपके शरीर के हिसाब से असर करते हैं. जैसे अगर आपको डाइजेशन और स्लो मेटाबॉल्जिम की शिकायत है और आपको ब्लड-शुगर लेवल सही नहीं है तो आपको जीरे के पानी का चयन करना चाहिए. वहीं अगर हार्मोन बैलेंस, पचानतंत्र में दिक्कत, कब्ज जैसी शिकायतें है तो आपके लिए धनिया के पानी का सेवन करना ठीक है.

# इंस्टाग्राम पर छाई रहीं भारत की ये जगहें

महामारी के बाद भारतीय पर्यटन क्षेत्र में फिर से बढ़ोतरी आई, हालांकि आंकड़ा 2019 को पार नहीं कर पाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2024 की पहली छमाही में 4.78 मिलियन विदेशी पर्यटक भारत आए जो कि जून 2023 की तुलना में लगभग 9 फीसदी अधिक रहे। इसके अलावा भारतीय पर्यटकों ने भी देश के कई पर्यटन स्थलों की सैर की। सोशल मीडिया के जरिए भी भारतीय पर्यटन को बढ़ावा मिला। इंस्टाग्राम पर साल भर देश की कुछ जगहें छाई रहीं। इन भारतीय पर्यटन स्थलों की रील्स देखकर लोग यहां पहुंचने के लिए मजबूर हो गए। आइए जानते हैं देश की उन जगहों के बारे में जो साल 2024 में वायरल हो गईं और इंस्टाग्राम पर काफी देखी व लाइक की गईं। सदियों के इंतजार के बाद वर्ष 2024 में अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर में देश-विदेश से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

# इन 3 तरीकों से सब्जियों को रखें ताजा

सब्जियां हमारे खान-पान का अहम हिस्सा हैं. आजकल बिजी लाइफ के कारण लोग हफ्ते भर की सब्जियों को एक साथ ही खरीद लाते हैं. लेकिन महंगाई भी एक वजह है, जिसके चलते लोग मंडी में थोक के भाव सब्जी खरीदना पसंद करते हैं. इतनी सारी सब्जी खरीदने के बाद मुश्किल तब आती है, जब इन्हें सही तरीके से स्टोर न किया जा सके. अगर आपने सब्जियों को ठीक तरीके से नहीं रखा तो ये खराब होने लगेंगी. कुछ लोगों का मानना हैं कि फ्रिज में इन सब्जियों को स्टोर कर देंगे तो ये खराब नहीं होंगी. लेकिन कई बार 2-3 दिन इन सब्जियों का इस्तेमाल नहीं होने पर फ्रिज में ये खराब होने लगती हैं. ऐसे में हम आपको इन्हें स्टोर करने के आसान टिप्स बताएंगे.

कुछ सब्जियों को फ्रिज में रखने की बजाय आप ठंडे पानी में स्टोर कर सकते हैं. आप गाजर, सलाद पत्ता और आलू जैसी चीजों को ठंडे पानी में रखकर इन्हें फ्रेश रख सकते हैं. ध्यान रहे कि हर दो दिन में पानी बदल दें.



आप सेब, बेरिज और खीरे को भी स्टोर कर सकते हैं. सब्जियों को फ्रिज में रखने की बजाय इन्हें खराब होने से बचाने के लिए सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए पानी में सिरका मिलाएं. अब इसमें 5 मिनट के लिए अपने फल या सब्जियों को भिगो लें. इन्हें निकालकर सुखा लें और फ्रिज में स्टोर कर लें. इससे ये ज्यादा समय तक चल पाएंगी. सर्दियों में हरी सब्जियों का सीजन रहता है. पालक, साग और मेथी जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां खूब खाई जाती हैं. लेकिन इन्हें ज्यादा देर रखने से ये सूख जाती हैं. अगर आप ढेर सारी हरी पत्तेदार सब्जियां खरीदकर ले आए हैं, तो आप उसे स्टोर करने के लिएपेपर टॉवल का इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे सब्जी की नमी कम हो जाती है और इससे वो ज्यादा दिनों तक ताजा रहती हैं.

# भारत के टॉप 5 हिल स्टेशन पर मनाएं नया साल

साल 2024 खत्म होने वाला है. कुछ ही दिनों में अब नया साल यानी 2025 शुरू होने वाला है. नए साल को लेकर लोगों ने तैयारी भी शुरू कर दी है. ऐसे में कुछ लोगों ने इस खास दिन को सेलिब्रेट करने पर के लिए कहीं घूमने का प्लान भी बना लिया है. ऐसे में अगर आपने भी कहीं घूमने का प्लान बनाया है तो भारत के टॉप 5 हिल स्टेशन पर जा सकते हैं, भारत के कुछ प्रमुख हिल स्टेशन नए साल का जश्न मनाने के लिए बेहतरीन स्थान हैं. इन हिल स्टेशनों का शांत वातावरण, खूबसूरत नजारे और ठंडी जलवायु नए साल का स्वागत करने के लिए बेस्ट प्लेस हैं. यहां पर आपको ट्रैकिंग, एडवेंचर और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद भी ले सकेंगे. आइए जानते हैं भारत के टॉप 5 हिल स्टेशनों के बारे में, जहां आप नए साल का जश्न मना सकते हैं.

क्यों जाएं: मनाली न केवल अपने सुंदर पहाड़ी दृश्य के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहां एडवेंचर स्पोर्ट्स, जैसे स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग और ट्रैकिंग भी होते हैं. यहां की बर्फीली पहाड़ियां नए साल के दौरान एक शानदार अनुभव देती हैं.

विशेष आकर्षण: सोलंग वैली, रोहतांग पास, हिडिम्बा मंदिर और ब्यास नदी के किनारे के दृश्य देखने लायक हैं.



नए साल की पार्टी: मनाली में कई होटल और रिसॉर्ट्स न्यू ईयर पार्टीज और खास आयोजनों का आयोजन करते हैं, जहां आप दोस्तों और परिवार के साथ पार्टी कर सकते हैं.

क्यों जाएं: दार्जिलिंग का वातावरण शांतिपूर्ण है और यहां के अद्भुत दृश्य नए साल के जश्न को और भी खास बना देते हैं. यहां का "टॉय ट्रेन" सफर और माउंट कंचनजंगा के शानदार नजारों से मन बेहद खुश हो जाएगा. विशेष आकर्षण: बत्तलमाता, टॉय ट्रेन, टाइगर हिल और चाय बगान देखने जा सकते हैं. नए साल की पार्टी: दार्जिलिंग में कई रिसॉर्ट्स और कैफे नए साल की रात को खास बनाते हैं, जो लाइव संगीत, डांस और शानदार डिनर के साथ होती है. शिमला, हिमाचल प्रदेश क्यों जाएं: शिमला की ठंडी हवा, खूबसूरत पहाड़ी नजारे और ऐतिहासिक महत्व इसे नए साल मनाने के लिए एक शानदार जगह बनाते हैं. विशेष आकर्षण: रिज मैदान, मॉल रोड, कुफरी और समर हिल्स जा सकते हैं. नए साल की पार्टी: शिमला में खासतौर पर मल्टी-स्पेशलिटी होटल्स और रेस्तरां नए साल के जश्न के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करते हैं, जिसमें लाइव म्यूजिक और डांस शो होते हैं.


# हेल्थ एंड फिट कैप्सूल फिटनेस की हितकारी औषधि

❑ आजकल की भागदौड़ के जीवन में फिट रहना ऊर्जावान रहना अति आवश्यक है। इसके लिए संतुष्टि आहार स्वास्थ्य के नियमों का पालन करना भी आवश्यक है। इसके साथ साथ आयुर्वेदिक रसायन औषधि अथवा टॉनिक का सेवन भी लाभप्रद होता है। शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी सिताबर्डी टेंपल बाजार रोड नागपुर द्वारा निर्मित एवं वितरित 'हेल्थ एंड फिट कैप्सूल्स' अत्यंत उपयोगी टॉनिक साबित हुई है। उसमें घटक द्रव्यों में ब्राह्मी, शंखपुष्पी -अश्वगंधा यह आयुर्वेदिय औषधि शारीरिक एवं मानसिक बल प्रदान करने वाली होने से शरीर एवम् मन को उत्साहित रखने मे सहायक होती है। इसके साथ साथ विटामिन बी3, बायोटिन, कैल्शियम, ग्रेप सीडस एक्सट्रेक्ट, ओमेगा यह एवं बाकी मल्टी- विटामिन यह शरीर की ऊर्जा का स्त्रोत होने के कारण थकान को हटाकर शरीर की आवश्यकताओं को पूरा करके शरीर को पूरी तरह ऊर्जा प्रदान करने मे सहायक होता है। जिसके काल रोग की भागदौड़ भरी जीवन में शारीरिक एवम् मानसिक ऊर्जा भरपूर मिलती है. जिससे शरीर एवम् मन काम करके भी दुरुस्त तरोताजा रखने मेक् सहायता मिलती है. जिन व्यक्तियों को थकान, चाहे वह शारिरीक से या मानसिक होती है। काम में मन एवम् ऊर्जा नही लगता ऐसे लोगों को इसका सेवन अनुभवी वैरयों की सलाह से करे घर बहुम अच्छा शारीरिक एवम् चित मानसीक फायदा लेकर शरीर मन तरोताजा होकर कार्यक्षमता बढ़ने मे सहायता मिल जाती है। जिससे पूरा दिन अच्छा होता है और स्वास्थ्य लाभ होते हुए देखा जा सकता है. तथापि इच्छुक व्यक्ति या रुग्ण जो कमजोरी तक थकान से ग्रस्त है वह व्यक्ति शिव शंकर आयुर्वेदिक अनुभवी की वैद्यो से औषधि ले सकते है.






**शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी**

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में (0712) 2567747, 2536077 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# महाराष्ट्र में वोट जिहाद पर सैकड़ों करोड़ खर्च किये गए

## > किरीट सोमैया का दावा

**मुंबई.**

बीजेपी नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने 'वोट जिहाद' पर कड़ी आपत्ति जताई और इस मामले में पुलिस द्वारा तलब किए जाने पर प्रतिक्रिया दी. किरीट सोमैया ने दावा किया कि चुनाव के दौरान सैकड़ों करोड़ रुपए 'वोट जिहाद' के लिए खर्च किए गए. उन्होंने कहा कि इस मामले में मैंने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी. उन्होंने बताया कि 'मराठी मुस्लिम महासंघ' के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है और अब मैं यह



सुनिश्चित करना चाहता हूं कि मौलाना सज्जाद नोमानी और उलेमा बोर्ड भी इस मामले में जवाबदेह हों. उन्होंने कहा कि 'वोट जिहाद' का हिसाब हम लेकर रहेंगे. उन्होंने बताया कि वह आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में जाकर अपना बयान दर्ज कराएंगे और मराठी मुस्लिम सेवा संघ द्वारा संचालित 350 से अधिक एनजीओ को मिलने वाली फंडिंग का हिसाब भी मांगा जाएगा. इस दौरान उन्होंने 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' जैसे अन्य

### संविधान की अहमियत पर जोर

वहीं, संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर किरीट सोमैया ने बाबा साहेब के बनाए गए संविधान की अहमियत पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान में स्पष्ट रूप से कहा था कि हिंदुस्तान एक होना चाहिए और आज भी यही शब्द हमारे देश में गूंजता है, हम एक हैं, हम सुरक्षित हैं. इस दौरान उन्होंने इस बात से भी इनकार कर दिया कि 'महायुति' में कोई विवाद है.

मुद्दों पर भी चिंता जताई और कहा कि यह देश की एकता और सुरक्षा के लिए खतरे की घंटी हो सकती है.इससे पहले, शाइना एनसी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा था.

एक ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह हुआ. जहां हर एक नेता ने यह ठान लिया कि महाराष्ट्र के जनहित में काम करना है. जो भी कयास आरहे हैं, मैं उस पर टिप्पणी नहीं करना चाहती, लेकिन मैं यह जरूर कहूंगी कि हर पार्टी का स्ट्राइक रेट इतना अच्छा रहा है कि सभी पार्टी चाहेंगे कि अच्छे तरीके से काम करें और करते रहें. उन्होंने कहा कि पिछली बार आपने देखा था कि देवेंद्र फडणवीस के पास गृह मंत्रालय था और वह डिप्टी सीएम भी थे, तो इस बार एक अन्य डिप्टी सीएम को भी गृह मंत्रालय मिल सकता है. लेकिन, मैं अनुमानों पर नहीं जाना चाहती. यह जल्द ही महायुति के नेतृत्व में तय किया जाएगा. मैं मानती हूं कि यह सभी चीजें सार्वजनिक रूप से स्पष्ट हो जाएंगी.

## टैंकर ने बाइक को मारी टक्कर

**मुंबई.** बांद्रा इलाके में हिट एंड रन का मामला सामने आया है. 25 वर्षीय एक मॉडल की इस दुर्घटना में मौत हो गई है जबकि एक अन्य शख्स घायल हो गया है. बताया जा रहा है कि पानी के टैंकर ने यहां बाइक सवार को टक्कर मार दी. टक्कर मारने के बाद टैंकर चालक फरार हो गया. बांद्रा पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश की जा रही है. बांद्रा पुलिस ने बताया कि पानी के टैंकर की मोटरसाइकिल से सीधी टक्कर हो गई. टैंकर चालक घटना के बाद तुरंत फरार हो गया. इस घटना में शिवानी सिंह की मौत हो गई जो कि मलाड में रहती थी. पुलिस ने बताया कि शिवानी सिंह और उसकी दोस्त मोटरसाइकिल पर सवार होकर बांद्रा के डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर रोड पर पहुंची थीं. तभी उसके सामने तेज रफ्तार टैंकर ने टक्कर मार दी. शिवानी सिंह दोपहिया वाहन से उछलकर टैंकर के पहिए के नीचे आ गई जिसके चलते वो गंभीर रूप से घायल हो गई. उसे नजदीकी भाभा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने चेक करते ही उसे मृतक घोषित कर दिया.

# नाबालिग लड़की को भेजा अश्लील मैसेज

**मुंबई.**

सेंट्रल क्राइम ब्रांच की एक टीम ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर नाबालिग लड़की को अश्लील संदेश और फोटो भेजने वाले आरोपी को गुजरात के अंकलेश्वर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले को लेकर नाबालिग लड़की के पिता ने मीरा रोड पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मीरा रोड पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय अपराध जांच सेल ने भी मामले की जांच की और गुजरात पुलिस की मदद से आरोपी को धर दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीते नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में नाबालिग लड़की के मोबाइल फोन पर उसे इंस्टाग्राम पर एक आईडी से अश्लील फोटो और संदेश मिला था। इस बात की जानकारी लड़की ने परिजनों को दी



जिसके बाद पुलिस में शिकायक की गई।

मामले में मीरा रोड पुलिस ने बीएनएस की धारा 78,79 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम धारा 67, 67 (ए) के साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम धारा 12 के तहत अपराध दर्ज किया था।

केंद्रीय अपराध जांच सेल द्वारा भी इस अपराध की समानांतर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान इंस्टाग्राम आईडी से आरोपी का पता चला। उसकी पहचान 20 वर्षीय दीप विजयभाई सोलंकी के तौर पर हुई जो बिपिन पारिख सोसायटी, गलखोल पाटिया, अंकलेश्वर, गुजरात का निवासी है। आरोपी के बारे में प्रारंभिक जानकारी हासिल होने के बाद पुलिस निरीक्षक राहुल राख ने एक टीम को अंकलेश्वर, गुजरात भेजा जहां से स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच के बाद पता चला कि आरोपी की शादी अक्टूबर 2024 में शिकायतकर्ता की नाबालिग बेटी के साथ तय हुई थी। आरोपी का आचरण ठीक नहीं लगने पर लड़की के परिजनों ने उससे तय की गई शादी तोड़ दी थी। इसी बात से आरोपी नाराज था। लड़की और लड़की परिजनों से बदला लेने की भावना से उसने चोरी-छुपे अपने एक रिश्तेदारी के मोबाइल फोन पर एक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई और लड़की के मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो और मैसेज भेजे।

# ममता बनर्जी के समर्थन में अब विपक्ष भी

## > राउत बोले- बनाएंगे इंडिया ब्लॉक का प्रमुख भागीदार

**मुंबई.** हाल ही में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व करने की इच्छा रखती है। इस पर इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने समर्थन जताया है और उनके इस बयान पर उनसे बातचीत करने की बात कही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कथित बयान 'भारत गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए इच्छुक' पर प्रतिक्रिया देते हुए, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि वे भी चाहते हैं कि वे भारत ब्लॉक की प्रमुख भागीदार बनें, उन्होंने कहा कि वे जल्द ही कोलकाता में ममता



बनर्जी से बात करने जाएंगे। संजय राउत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, "हम ममता जी की इस राय को जानते हैं।

हम भी चाहते हैं कि वे भारत गठबंधन की प्रमुख भागीदार बनें। चाहे ममता बनर्जी हों, अरविंद केजरीवाल हों या शिवसेना, हम सब एक साथ हैं। हम जल्द ही कोलकाता में ममता बनर्जी से बात करने जाएंगे। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने पश्चिम बंगाल में एक सफल मॉडल दिखाया है, जहां उन्होंने भाजपा को सत्ता से दूर रखा है। चतुर्वेदी ने कहा, "उन्होंने अपना बयान दिया है। क्योंकि उन्होंने पश्चिम बंगाल में एक सफल मॉडल दिखाया है.

# नासिक कुंभ मेले के लिए बजट में की गई कटौती

**नासिक.**

नासिक मनपा ने 2027-28 में होने वाले आगामी सिंहस्थ कुंभ मेले के लिए अपने बजट में 60 प्रतिशत की कटौती की है। संशोधित बजट को 15 हजार करोड़ से घटाकर 7 हजार करोड़ कर दिया गया है। यह निर्णय विभागीय आयुक्त डॉ. प्रवीण गेडाम और जिला कलेक्टर जलज शर्मा द्वारा बजट की समीक्षा करने और मनपा को कुंभ मेले से संबंधित आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश देने के बाद लिया गया। संशोधित बजट आवश्यक परियोजनाओं पर केंद्रित है, जिसके परिणामस्वरूप गैर-जरूरी खर्चों में उल्लेखनीय कमी आई है।

मनपा प्रशासन ने संशोधित बजट को मंजूरी के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया है। इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि



कुंभ मेले के लिए आवंटित धन का कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए। नासिक मनपा ने विभागीय आयुक्त डॉ. प्रवीण गेडाम को 15 हजार 172 करोड़ का बजट पेश किया था, लेकिन बजट की अवास्तविक प्रकृति और इस तरह के वित्तपोषण प्राप्त होने की कम संभावना के कारण, डॉ. गेडाम ने बजट की समीक्षा और कटौती का आदेश दिया। कुंभ मेले में साधुओं और महंतों के साथ-साथ देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इस आयोजन की तैयारी के लिए मनपा ने बुनियादी ढांचे के विकास और विभिन्न निर्माण परियोजनाओं के लिए एक प्रारंभिक बजट तैयार किया है।

नासिक में कुंभ मेले की तैयारियों के लिए शुरुआती बजट ₹15 हजार करोड़ था। इस विशाल बजट में विभिन्न बुनियादी ढांचे के विकास परियोजनाओं के लिए आवंटन शामिल थे, जैसे साधु ग्राम और पार्किंग। साधु ग्राम, संतों और द्रष्टाओं के लिए समर्पित क्षेत्र और पार्किंग सुविधाओं के विकास के लिए ₹8 हजार करोड़ निर्धारित किए गए थे। इसके अलावा रिंग रोड और शहर की सड़कों और पुलों के विकास के लिए ₹6 हजार से ₹7 हजार करोड़ आवंटित किए गए थे। चिकित्सा सुविधाओं, जल आपूर्ति, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए भी धन आवंटित किया गया था। हालांकि, बजट की समीक्षा करने के बाद, विभागीय आयुक्त डॉ. प्रवीण गेडाम और जिला कलेक्टर जलज शर्मा ने मनपा को आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता देने और अनावश्यक खर्चों को कम करने का निर्देश दिया। नतीजतन मनपा ने बजट में ₹8 हजार करोड़ की कटौती की, जिससे यह ₹7 हजारा करोड़ हो गया है।

# युवकों से ठगी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार



**मुंबई.** पालघर जिले में पुलिस ने पालघर में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया को पास कराने में मदद करने के नाम पर कुछ युवकों को ठगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी महाराष्ट्र के सातारा जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। कुछ अभ्यर्थियों द्वारा शक होने पर पुलिस को सूचित किया गया जिसके बाद पुलिस ने दोनों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले ये दोनों कुछ अभ्यर्थियों को भर्ती कराने के नाम पर ठग चुके थे। ठगी और धोखाधड़ी के इस मामले में मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस ने आरोपी अन्नासाहेब धनजी काकड़े (30) और गणेश काले (27) को गिरफ्तार किया। विरार पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक सुरेश गायकवाड़ ने बताया कि दोनों आरोपियों ने खुद को प्रभावशाली व्यक्ति बताते हुए युवकों को झांसे में लिया और इसमें वे कामयाब भी हो गए थे। अग्निवीर भर्ती के लिए विरार के जीवदानी क्रिकेट ग्राउंड में 28 नवंबर से भर्ती प्रक्रिया जारी थी। इसी दौरान दोनों ने यहां पहुंचर युवकों से ठगी करने की कोशिश की। उन्होंने कई युवाओं को केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना में भर्ती कराने का आश्वासन दिया लेकिन बदले में पैसे की मांग की।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी काकड़े और गणेश काले जीवदानी क्रिकेट ग्राउंड पर गए और कुछ अभ्यर्थियों से संपर्क कर उन्हें भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने में मदद करने का आश्वासन दिया।

# हिंदुत्व पर लौट रहे हैं उद्धव ठाकरे

**मुंबई.**

राज्य विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद उद्धव सेना भंवर में फंसी है। अब सारा दारोमदार निकाय चुनाव और बीएमसी चुनाव पर टिका है। इससे पहले पार्टी का एक तबका महाविकास अघाड़ी से बाहर आने और हार्डकोर हिंदुत्व की ओर लौटने की वकालत कर रहा है। चर्चा है कि बीएमसी चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे एक बार फिर हिंदुत्व वाले राह पर लौटने को तैयार हैं। 6 दिसंबर को पार्टी के नेता एमएलसी मिलिंद नार्वेकर ने एक पोस्ट में बाबरी मस्जिद विध्वंस का जश्न मनाया। उन्होंने बाला साहेब की तस्वीर के साथ उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे के फोटो भी लगे हैं। यूबीटी नेता के इस पोस्ट पर बवाल हुआ और महाराष्ट्र में सपा नेता उद्धव ठाकरे ने महाविकास अघाड़ी से बाहर होने का ऐलान कर दिया।

विधानसभा चुनाव में उद्धव ठाकरे की यूबीटी महाराष्ट्र के दूसरे जिलों में हारी ही, मुंबई में भी पार्टी की बुरी पराजय हुई। मुंबई में 10



सीटों को जिताने का श्रेय राज ठाकरे के मनसे ने लूट लिया। अगर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चुनाव मैदान में नहीं होती तो हालात और बुरे ही होते। 'बंटेंगे तो कटेंगे', 'एक हैं तो सेफ हैं' के नारे और अघाड़ी की धर्मनिरपेक्षता के कारण उद्धव सेना अपने प्रतिद्वंद्वी एकनाथ शिंदे की आधी तक नहीं पहुंच सकी। शिंदे सेना को 57 और उद्धव गुट को 20 सीटें मिलीं। पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं का मानना है कि बाल ठाकरे के हिंदुत्व को छोड़ने के कारण पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। अघाड़ी के साथ होने से मुस्लिम वोटर तो उद्धव के पक्ष में आए मगर कोर शिवसैनिकों ने एकनाथ शिंदे का समर्थन किया। अगर बीएमसी चुनाव में उद्धव सेना को झटका लगा तो पार्टी के अस्तित्व पर संकट के बादल छा जाएंगे, यह तय है।

**बाल ठाकरे के उत्तराधिकार के लिए हिंदुत्व जरूरी**

विधानसभा चुनाव के दौरान महाविकास अघाड़ी को मुस्लिम संगठनों ने समर्थन का ऐलान किया था। इसके बाद महायुति की ओर से उद्धव ठाकरे के बयान ढूंढकर निकाले गए, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर औरंगजेब की तारीफ की थी। इसके अलावा आदित्य ठाकरे का मुस्लिम प्रेम सोशल मीडिया में वायरल हुआ। यह ठाकरे परिवार की छवि से उलट थी। बाला साहेब ठाकरे अपने कट्टर हिंदुत्व के लिए ताउम्र जाने जाते रहे। मुंबई दंगों और बाबरी मस्जिद विध्वंस का उनका बयान हिंदूवादी संगठन आज भी शान से सुनते-सुनाते हैं।

# राज्य के लिए काम करना है तो लेना होगा शपथ

## > एनसीपी नेता भुजबल बोले

**मुंबई.** महाराष्ट्र की नवगठित 288 सदस्यीय विधानसभा का तीन दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन विपक्ष नेता आदित्य ठाकरे ने एक बड़ा फैसला लिया है। आदित्य ठाकरे ईवीएम को लेकर गड़बड़ी पर अभी भी अड़े हुए है, जिसे देखते हुए उन्होंने बड़ा कदम उठाया है। आदित्य ठाकरे ने कहा कि आज पहले दिन शिवसेना यूबीटी को कोई भी विजयी नेता विधायक पद की शपथ नहीं लेगा। उनके इस फैसले को सत्तारूढ़ पार्टी बचकानी हरकत बता रही है। इस पर नेता छगन भुजबल ने कहा है कि आदित्य ठाकरे इस तरह से शपथ लेने से इंकार नहीं कर सकते। छगन भुजबल ने आदित्य ठाकरे पर कहा, "(विपक्ष के नेता) शपथ ग्रहण का विरोध नहीं कर सकते। अगर उनको सदन में कामकाज में हिस्सा लेना है तो उनको शपथ ग्रहण करना ही होगा।" इससे पहले उनके इस फैसले पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि इस तरह के बेफिजूल फैसले से कुछ नहीं होगा और यहां आरोप लगाने



का कोई मतलब नहीं है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने कहा, "यहां इस तरह के आरोप लगाने का कोई मतलब नहीं है। उन्हें (विपक्ष को) चुनाव आयोग जाना चाहिए और अगर वहां उन्हें न्याय नहीं मिलता है, तो उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए।" शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने कहा, "आज हमने फैसला किया है कि हमारे (शिवसेना यूबीटी) जीतने वाले विधायक शपथ नहीं लेंगे। अगर यह लोगों का जनादेश होता, तो लोग खुश होते और जश्न मनाते, लेकिन लोगों ने कहीं भी इस जीत का जश्न नहीं मनाया। हमें ईवीएम पर संदेह है।" शपथ न लेने का फैसला करने के बाद शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने बांग्लादेश के हालात पर कहा, "केंद्र सरकार क्या कर रही है? वे यहां दंगे भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बांग्लादेश के हालात पर कुछ नहीं कर रहे हैं। इंदिरा गांधी ने कुछ किया और अब केंद्र सरकार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर कुछ करना चाहिए। "

# बीएमसी ने शुरू किया 'मिशन 100 डेज'

**मुंबई.** 'क्षयरोग' यानी टीबी की बीमारी भारत में स्वास्थ्य से संबंधित बड़ी समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ( डब्ल्यूएचओ ) के अनुमान के अनुसार, दुनिया भर में क्षय रोग के सर्वाधिक मरीजों के मामले में भारत पहले पांच प्रमुख देशों में शामिल है। 2020 में दुनिया भर में पाए गए टीबी के मामलों में से 26 फीसदी मामले भारत से ही सामने आए थे। एक अनुमान के अनुसार भारत में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 192 टीबी मरीज पाए जाते हैं, जो कि एक गंभीर चिंता का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2025 के अंत तक देश को क्षय रोग से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी लक्ष्य के तहत मुंबई मनपा 100 दिनों में टीबी को हराने के लिए एक खास शुरू करने जा रही है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय अंतर्गत आने वाले केंद्रीय क्षय रोग विभाग एवं राज्य सरकार से मिले निर्देशों के अनुरूप मुंबई मनपा अपने 26 वार्डों में 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक "100 दिवसीय अभियान" शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत टीबी रोगियों की पहचान की गति को बढ़ाना, टीबी के प्रसार को कम करना, टीबी से होने वाली





मृत्यु दर को कम करना और टीबी के नए मामलों को रोकने का लक्ष्य मनपा आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी ने अपनी टीम को दिया है।

मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग ने जन भागीदारी के माध्यम से मुंबई मनपा क्षेत्र में इस अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन की योजना बनाई है। अभियान के दौरान उच्च जोखिम वाली आबादी और टीबी रोगियों की संभागवार मैपिंग की जाएगी। उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की नैट और एक्स-रे की मदद से टीबी की जांच की जाएगी। मरीजों का तुरंत और उचित इलाज किया जाएगा। टीही मरीजों को निक्षय मित्र बनाकर पोषण के साथ-साथ पोषण संबंधी सहायता के लिए निक्षय पोषण योजना का लाभ दिया जाएगा। साथ ही, मरीजों का फॉलोअप और नियंत्रण भी किया जाएगा। जिन लोगों को टीबी नहीं है, लेकिन वे रोगी के संपर्क में हैं, उन्हें क्षय रोग निवारक उपचार दिया जाएगा। मनपा के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने ऑडियो विजुअल सिस्टम के माध्यम से सभी वार्डों के अधिकारियों को जागरूक किया है। इसमें 200 से अधिक चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया है। मनपा के इस अभियान में उच्च जोखिम वाली आबादी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक, मधुमेह और एचआईवी मरीज शामिल हैं। इसमें धूम्रपान करने वाले, कुपोषित व्यक्ति, तपेदिक के संपर्क में आने वाले व्यक्ति और कैंसर रोगियों की प्रमुखता से जांच की जाएगी। ऐसे लोग जिनमें दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, बुखार, रात को पसीना, सीने में दर्द, थकान, वजन कम होना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ, हाल के शारीरिक परिवर्तन, कमर में रक्तस्राव, पुरानी बीमारी जैसी 10 शिकायतें हों, उन लोगों से मनपा अस्पतालों में उपलब्ध सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की जाएगी। मनपा की ओर से मुंबई के सभी नागरिकों और सार्वजनिक संस्थानों, आईएपी, आईएमए, निजी डॉक्टरों और अस्पतालों से 100 दिनों के इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की गई है।

## आज का राशिफल

मेष -आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उन्हें किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

वृषभ-आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी काम को लेकर पूरी मेहनत दिखाएंगे.

मिथुन -आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं को गति मिलेगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए पारिवारिक समस्याओं पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आज आपकी मनमौजी स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य भी आपसे परेशान रहेंगे।

कन्या -आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों भरा रहने वाला है। बिजनेस में आपका कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है।

तुला- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपको कामों को पूरा करने के लिए मेहनत अधिक रहेगी।

धनु-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी काम को लेकर कार्य क्षेत्र में दूसरों पर डिपेंड नहीं रहना है।

मकर-आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

कुंभ -आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने के लिए रहेगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति को लेकर भी आपका थोड़ी टेशन रहेगी।

# 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी ट्रेन

## मुंबई से अहमदाबाद के बीच फैसला होगा कम, दिल्ली का सफर भी घटेगा



**मुंबई।** मार्च 2025 तक मुंबई से अहमदाबाद रूट पर 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रेन दौड़ने के लिए रेलवे तैयार हो जाएगी। इस प्रोजेक्ट से जुड़े सभी इंजिनियरिंग काम पूरे हो चुके हैं। पश्चिम रेलवे पर मुंबई से अहमदाबाद के बीच 9 अगस्त 2024 को 130 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से पहला ट्रायल हुआ था। इसमें 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन का इस्तेमाल हुआ था। रिसर्च डिज़ाइन एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइज़ेशन की टीम द्वारा सफल ट्रायल किया गया था। इस रूट पर ट्रेनों की स्पीड बढ़ाना मिशन रफ़्तार का हिस्सा है जो मुंबई से दिल्ली के बीच के लिए बना था। इस योजना के अंतिम चरण का काम मुंबई से नागदा तक, दिसंबर 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है।

पांच साल पहले मुंबई से दिल्ली के बीच 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रेन चलाने के लिए 'मिशन रफ्तार' परियोजना की शुरुआत हुई थी। 1,478 रूट किमी और 8 हजार करोड़ रुपये के इस प्रॉजेक्ट से जुड़े काम पूरे हो चुके हैं। मिशन से जुड़े अधिकारी की मानें, तो अब हर दो महीने में एक बार 130किमी प्रति घंटे के ट्रायल हो रहे हैं। इसके बाद कई चरणों में और अलग-अलग सेक्शन में 160 किलोमीटर प्रति घंटे के साथ ट्रायल होंगे।

### कवच से होगा सुरक्षित

पश्चिम रेलवे पर मुंबई सेंट्रल से नागदा (789 किमी) तक जरूरी मशीनरी इंस्टॉलेशन का काम पूरा हो गया है। मार्च, 2025 तक इसे लागू करने का टारगेट रखा गया है। पश्चिम रेलवे वर्तमान में मुंबई सेंट्रल-नागदा खंड, जिसमें वडोदरा-अहमदाबाद खंड शामिल है, पर कवचप्रणाली का काम 789 किलोमीटर और 90 इंजनों पर किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे के अनुसार, 789 किलोमीटर में से 503 किलोमीटर पर लोकोमोटिव (इंजन) परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं और 90 इंजनों में से 73 इंजनों में कवच प्रणाली स्थापित की जा चुकी है।

स्पीड से ट्रेन दौड़ाने के लिए पूरे रूट पर पटरियों के दोनों छोर पर फेंसिंग जरूरी है। मुंबई सेंट्रल से नागदा तक रूट के लिए विरार से नागदा तक 631km और वडोदरा से अहमदाबाद तक 185किमी के रूट को दीवार या मेटल फेंसिंग से सुरक्षित किया गया है। इनमें से 245किमी हिस्से पर दीवार और 571किमी हिस्से पर फेंसिंग बनाई जा चुकी है। इस पूरे रूट पर मुंबई सेंट्रल से विरार तक सबअर्बन सेक्शन होने और गोधरा से रतलाम के बीच जटिल मोड़ होने के कारण स्पीड नहीं बढ़ाई जा सकती है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, देश की पहली स्लीपर वंदे भारत भी मुंबई से दिल्ली के बीच चलाने की संभावना है।

NAAC ACCREDITED B+
**MAHARASHTRA INSTITUTE OF PHARMACY**
(D.Pharm.,B.Pharm.,M.Pharm.) (DTE CODE : 4643 & 4278)
Chougan Phata, Betala, Bramhapuri, Dist. Chandrapur, (M.S.)-441206.

**MAHARASHTRA COLLEGE OF PHARMACY**
(D.Pharm.,B.Pharm.) (DTE CODE : 4664)
Amgaon Road, Khamari (Gondia), Ta. Gondia, Dist. Gondia, (M.S.)-441601.

**AGAINST CAP QUOTA ADMISSION SCHEDULE FOR 1st YEAR D. PHARMACY 2024-25**
Application are invited for seeking admission to above Course for vacancy if any after CAP
**ADMISSION PROCEDURE & SCHEDULE**
Eligibility : HSC (10+2) Passed in Science Stream with Physics, Chemistry, Biology or Mathematics and English or Equivalent examination

| Sr.No. | Activities | Date |
|---|---|---|
| 1. | Date of Commencement of sale & Acceptance of Application form | 08/12/2024 to 09/12/2024 from 10:30 am to 05:30 pm |
| 2. | Date of Display of Provisional Merit List | 10/12/2024 at 11:00 am |
| 3. | Last Date of Receipt of grievance about the Merit List | 10/12/2024 at 2:00 pm |
| 4. | Last Date of Displaying the Final Merit List | 10/12/2024 at 5:00 pm |
| 5. | Reporting Date & Time for Admission as per Merit List to the Institute | 11/12/2024 to 12/12/2024 from 10:30 am to 05:30 pm |

Admission will be made according to DTE, Mumbai (M.S.) Principal
Contact: 9158983913, 8551822027, 8788986464, 8888212266
SPECTRUM

# जेब में रखा मोबाइल फटने से शिक्षक की मौत

**कुरखेडा.** दुपहिया वाहन पर सवार होकर अर्जुनी मोरगांव जाते समय शर्ट की जेब में एंड्राइड मोबाइल अचानक फटने से शिक्षक की मौत की घटना घटी. मृतक शिक्षक की पहचान सुरेश संग्रामे (उम्र 55) जबकि नत्थू गायकवाड़ (उम्र 56) दोनों निवासी सिरेगावटोला के रूप में की गई है।

बताया गया है कि सुरेश संग्रामे वडसा तहसील के कसारी में एक जिला परिषद स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत थे। नत्थू गायकवाड़ और सुरेश संग्रामे दोनों रिश्तेदार हैं और वे दोनों एक रिश्तेदार के कार्यक्रम में दोपहिया वाहन से अर्जुनी मोरगांव जा रहे थे. संग्रामे बाइक चला रहा था जबकि गायकवाड़ पीछे बैठा था। इसी बीच सड़क पर संग्रामे का शर्ट की जेब में रखा एंड्रॉइड मोबाइल फोन अचानक फट गया। अचानक हुए विस्फोट से दोनों नीचे गिर पड़े, विस्फोट के कारण संग्रामे की शर्ट जलने से उसका शरीर झुलस गया। जलने के इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दो पहिया वाहन से गिरने के बाद नत्थू गायकवाड़ गंभीर रूप से घायल हो गए. भंडारा के लक्ष अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है. इस घटना से हड़कंप मच गया है और हेडमास्टर की मौत पर दुख व्यक्त किया जा रहा है. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आखिर मोबाइल फोन में विस्फोट कैसे हुआ.




## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गढ़चिरौली:** मुख्य मध्यस्थता केंद्र, उच्च न्यायालय, बॉम्बे को सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम और मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम और कानूनी स्वयंसेवकों के बुनियादी कानून/कानूनी स्वयंसेवकों/स्वयंसेवकों के कार्यों और कर्तव्यों पर एक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। तदनुसार, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, गढ़चिरौली द्वारा 07/12/2024 को दोपहर 02.00 बजे कानूनी सेवा सदन भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

उक्त कार्यक्रम में , जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और मुख्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश, वसंत कुलकर्णी उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला अधिवक्ता संघ, गढ़चिरौली के अध्यक्ष किशोर आखाड़े भी उपस्थित थे। इसी दौरान कार्यक्रम के आयोजकतथा विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आर. आर. पाटिल उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत से आर. आर. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गढ़चिरौली के सचिव पाटिल ने कानूनी स्वयंसेवकों/स्वयंसेवकों को बुनियादी कानून के बारे में समझाया और समाज के जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान करने वालों को गहन मार्गदर्शन भी दिया कि कानूनी स्वयंसेवक/स्वयंसेवक किस प्रकार समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। अपने काम और कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए आम लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखें।

इस अवसर पर जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष और मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश, वसंत कुलकर्णी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित लोगों को विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से कैसे निपटाया जाए, मध्यस्थता कैसे दोनों पार्टियों के लिए समय और पैसा बचाने बचाकर दोनो

## तलवार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बल्लारपुर.** गुप्त सूचना के आधार पर बल्लारपुर पुलिस ने बामनी स्थित एक घर से आरोपी को तलवार के साथ गिरफ्तार किया है.पुलिस ने यह कार्रवाई शुक्रवार (6 दिसंबर) को की. आरोपी की पहचान गुरुप्रीत सिंह काका सिंह खद्दर (24) के रूप में हुई है.

जब बल्लारपुर पुलिस गश्त कर रही थी, तब उन्हें जानकारी मिली कि बामनी तहसील के वार्ड नंबर 5 के गुरुप्रीत सिंह काकासिंह खद्दर के पास तलवार है और वह लोगों में दहशत फैला रहा है. उसके आधार पर पुलिस टीम शाम को उसके घर पहुंची और दरवाजे से आवाज लगाई. शोर सुनकर गुरप्रीत सिंह बाहर आ गया. तब पुलिस ने आने का कारण बताया और उसके



घर की तलाशी ली तो शयनकक्ष के बिस्तर पर तलवार पड़ी मिली. उसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस 25,4 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सुनील गाडे, सहायक पुलिस निरीक्षक अंबादास टोपले, पुलिस उपनिरीक्षक हुसैन शाह, सुनील कामतकर, पुरूषोत्तम चिकाटे, रणविजय ठाकुर, सत्यवान कोटनक, शरदचंद्र करुष, मिलिंद अत्राम, विकास जुमनक, चंद्रशेखर के नेतृत्व में की गई.

## रेल पटरी पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

**राजुरा.** विरूर स्टेशन पर कब्रिस्तान के पास सेंट्रल रेलवे ट्रैक पर 25 वर्षीय युवक नीलेश डावरे का शव मिलने के बाद से गांव में सनसनी फैल गई है. इस घटना को लेकर नीलेश डावरे के माता-पिता का आरोप है कि यह घटना कोई हादसा नहीं बल्कि हत्या का मामला है. विरूर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है.

शुक्रवार 6 दिसंबर की सुबह कुछ नागरिकों ने रेलवे ट्रैक के पास एक शव देखा. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. नीलेश के परिवार के मुताबिक, वह गुरुवार 5 तारीख की रात करीब 9 बजे मित्रा के साथ घर से निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा. मृतक नीलेश के माता-पिता ने कहा कि मेरे बेटे की मौत दुर्घटनावश नहीं हुई है. उसकी हत्या कर दी गयी है. आरोप है कि



किसी बात को लेकर उस पर हमला किया गया. परिवार ने नीलेश की मौत की गहन जांच की मांग की है. पुलिस ने घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट दर्ज कर ली है और यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि यह दुर्घटना थी, आत्महत्या या फिर हत्या का मामला है. शरीर पर चोट के निशान, गवाहों के बयान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है. नीलेश डावरे की असामयिक मौत से ग्रामीणों में शोक व्याप्त हो गया है. इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की हर तरफ चर्चा हो रही है. कुछ ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिस और तत्परता से जांच कर सच्चाई सामने लाए. नीलेश गाँव में एक बुद्धिमान और मेहनती लड़के के रूप में जाना जाता था. उन्होंने परिवार के लिए आर्थिक सहारा बनने का सपना देखा था.ग्रामीणों के लिए यह घटना न सिर्फ दुखद है, बल्कि संदेह का कारण भी है.

# भूंकप से गैरकानूनी अतिक्रमित घरों को खतरा

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

बुधवार को आये भूकंप ने इंसान को चेतावनी दिया है कि संभल जाओ और बचने के उपाय ढूढ लें. इससे बड़े भूकंप आये तो क्या करना है. इसपर जिला प्रशासन, वेकोलि और वेकोलि के खोखले जमीन पर बसे गैरकानूनी घरों में रहनेवाले लोंग सतर्क हो जाए.

**अंडरग्राउंड खदान के ऊपर मकान.**

सैकडों लोंग वेकोलि अंडरग्राउंड खदान के ऊपर की जमीन पर कब्जा कर के पक्का मकान बनाकर रह रहे हैं तो कुछ ने किराए पर दे रखा है. भविष्य में तीव्र गति के भूकंप आता है तो सबसे ज्यादा खतरा उन्हें होने की संभावनाएं है जो वेकोलि के अंडरग्राउंड वाला क्षेत्र में रह रहे हैं. ऐसे में दोष किसको देंगें ?

**जनप्रतिनिधियों भी ध्यान दें.**

वेकोलि के अंडरग्राउंड जमीन पर गैरकानूनी रूप से किसी को मकान बनाकर रहने का अधिकार नहीं है. अगर कोई रहता है तो कानून का सीधा उल्लंघन है. जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, वेकोलि महाप्रबंधक और महानगरपालिका को गंभीरता से विचार करना चाहिए. इसी प्रकार हर कोई सरकारी और गैर सरकारी जमीन को कब्जा कर मकान बनाना शुरू कर दे तो अराजकता फैलना शुरू हो जाएगा. खबर है कि वेकोलि कि जमीन को कब्जा कर लाखों रुपये में बेचने का गोरखधंधा भी शुरू है.

**जमीन पर अवैध कब्जा.**

डायवर्शन प्लॉट, पट्टा, पुस्तैनी जमीन पर बनाये गए मकान पर रहने का अधिकार कानून देता है. संवैधानिक अधिकार बनता है. एक तरफ लोंग संवैधानिक अधिकार के बात करते हैं तो दूसरी तरफ स्वयं ही गलती करते हुए नझुल, वेकोलि, वनविभाग, रेलवें सहित अन्य विभाग के जमीन को गैरकानूनी कब्जा करते हैं. बाद में कब्जा किये हुए जमीन को खुद का जमीन इसलिए बताते है कि हम वर्षों से रहते आ रहे हैं. क्या कोई डकैती और चोरी कर के जमा किए पैसे, जेवरात, गाड़ी को इसलिए अपना बता सकता है कि वे बड़ी मुश्किल से चोरी डकैती डाली थी. क्या कानून चोरों और डकैतों को इसलिए माफ कर सकता है कि काफी पहले चोरी और डकैती की वारदात की थी ?



**रोड नाली भी नहीं बचेंगी.**

जिस प्रकार से अतिक्रमण का व्यवसाय शुरू है और महज कुछ वोटों के लालच में नेताओं द्वारा राजनीतिक मजबूती दी जा रही है इसी प्रकार चलता रहा तो, जो ओपन स्पेस, रोड, नाली बची हुई है, कुछ वर्षों में वह भी अतिक्रमण का शिकार हो जाएगा.

**सर्विस रोड का अतिक्रमण.**

मेजर गेट से दुर्गापुर तक के ताडोबा रोड का फुटपाथ, सर्विस रोड अतिक्रमण का शिकार है. समता नगर के शास्त्रकार ले आउट सहित कई ले आउट के ओपेन स्पेस, आयुषनगर का नाली की जगह अतिक्रमणकर्ताओं के कब्जे में हैं. यह कब्जा वाला खेल दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है. अतिक्रमणकर्ताओं पर चोरी डकैती वाला धारा लगाकर जब तक हतोत्साहित नहीं किया जाएगा तबतक रुकने जैसे हालात नहीं दिख रहा है.

**तोड़ने के बदले, दंड वसूला जाए.**

पिछले अगस्त महीने में पांच दिनों तक लाखों रुपये खर्च कर पी डब्लू डी ने ताडोबा रोड के अतिक्रमण को खाली करवाया था. उसके कुछ दिनों बाद फिर से अतिक्रमण कर्ताओं बैठना शुरू कर दिए. ऐसी स्थिति में अतिक्रमण कर्ताओं से तोड़ने में आये खर्च वसूला जाए तो शायद दुबारा अतिक्रमण करने की कोशिश नहीं करेंगे.

## दुपहिया चोर रामनगर पुलिस के हत्थे चढ़े

> 1.84 लाख का माल जब्त, 5 मोटरसाइकिलों का समावेश

**चंद्रपुर.**

पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है जो सार्वजनिक स्थानों से बाईक चोरी करने में माहिर है. आरोपियों केपास से कुल 5 मोटरसाईकिलें समेत कुल 1 लाख 84 हजार 500 रुपये का माल बरामद हुआ है.

पु.स्टे रामनगर में दर्ज अपराध क्रमांक 921/2024 धारा 303(2) बीएनएस अपराध वादी निखिल दीपक ठोंबरे 31 निवासीगजानन मंदिर वडगांव चंद्रपुर ने पुलिस को बताया कि 30/9/2024 को रात 10/00



बजे के दौरान उनकी एक्टिवा मोपेड एमएच 34 ए.एन 7130 उनकी ही किराना दुकान के सामने खड़ी थी.किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है.

पुलिस ने जांच कर जटपुरा गेट निवासी चेतन विनोद अगडे 22को हिरासत में लेकर पुछताछ की और उसके पास से चोरी की गई. मोपेड बरामद की. उसके पास से काले रंग की स्पेलेंडर बाई एमएच 34 टी 872 और काले रंग की पैशन प्लस प्रो. एमएच 34 ए.एन. 4877 बरामद हुई.

इसी तरह दर्शन पंकज जैन 23 निवासी राधिका सभागार के पास तुकूम चंद्रपुर ने 1/12/2024 को, को शिकायत दर्ज करायी कि उसकी यूनियन बैंक के सामने पार्क की गई एम.एच. 33 सीसी. 7461 कीमत. 70,000 रुपये जूपिटर मोपेड चोरी हो गई है. अपराध जांच टीम, रामनगर द्वारा गुप्त मुखबिरों के माध्यम से उक्त अपराध की जांच की गई तथा आरोपी कपिल प्रभु मेश्राम, 33 वर्ष, परिवर्तन चौक फुकटनगर चंद्रपुर के कब्जे से सफेद रंग की ज्यूपिटर मोपेड जब्त की गई साथ ही आरोपी के पास से सफेद रंग की एक इलेक्ट्रिक मोपेड कीमत 60 हजार भी जब्त की गई. उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मुमवका सुदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीना जनबंधु, उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुधाकर यादव के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक आसिफराजा शेख और अपराध दस्ते के प्रमुख रामनगर सपुनि देवाजी नरोटे सपुनि उगले की अगुवाई में हुई.

## बाघ के हमले में गर्भवती महिला की मौत

**गढ़चिरौली:**

जिला मुख्यालय से महज 15 किमी दूर चातगांव वन रेंज के अंतर्गत कुरखेड़ा गांव के पास एक खेत में काम कर रही एक महिला को आज शाम करीब 4:55 बजे एक बाघ ने मार डाला. मृत महिला का नाम शारदा महेश मानकर (26) निवासी. कुरखेडा, जिला गढ़चिरौली बताया गया है। मृतक शारदा का 3 साल का बेटा है और वह 8 महीने की गर्भवती भी थी।

मानकर का खेत कुरखेड़ा गांव से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर ब्लॉक नंबर 411 में जंगल से सटा हुआ है. मानकर के खेत में धान की पेराई अभी-अभी पूरी हुई है। इसलिए शारदा मानकर खलिहान में बचे धान को इकट्ठा करने के लिए खेत में चली गई।



जब वह धान की कटाई कर रही थी, तभी बैठे बाघ ने उस पर हमला कर दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई. उसकी चीख सुनते ही पड़ोसी खेत की महिलाएं दौड़कर आईं। हालांकि, तब तक बाघ ने झपट्टा मार दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची. घटनास्थल पंचनामा करते हुए मृतक शारदा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## महावितरण कर्मचारियों को बेरहमी से पीटा

> गोंडपिपरी में बिजली चोरी का मामला, 17 लोगों पर केस दर्ज

**गोंडपिपरी.**

सामाजिक कार्यकर्ता दीपक वांढरे ने महावितरण विभाग को सूचना दी कि शहर में राजस्थान मध्य प्रदेश से आकर कुर्सियां बेचने वाले प्रवासी अवैध रूप से बिजली के खंभों पर लोहे के पोल लगाकर बिजली चोरी कर रहे हैं. जब महावितरण के कर्मचारी पूछताछ के लिए आये तो परप्रांतीयों ने उन्हें बेरहमी से पीटा. यह घटना शुक्रवार 6 नवंबर रात की है.

परप्रांतीयों द्वारा बिजली चोरी की जानकारी मिलने पर सामान्य वितरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई करने के लिए लाइनमैन हीराजी ठेंगणे, तकनीशियन रवींद्र जांभुलकर, प्रेमानंद गौरकर ये तीनों महावितरण कर्मचारी अपने मित्र किशोर बोरकुटे के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे.



शहर में चिंतामणि कॉलेज के पास पाया गया कि राजस्थान, मध्य प्रदेश से आने वाले कुर्सी-टेबल विक्रेता अवैध रूप से बिजली चोरी कर रहे हैं. इस समय महावितरण कर्मचारियों ने उन राजस्थान, मध्य प्रदेश कुर्सी विक्रेताओं को बताया कि यह अनधिकृत है. तो उनका कहना है कि इससे कोई घटना घट सकती है और आपके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी. इस पर कुर्सी बेचने वालों की भीड़ ने महावितरण के कर्मचारियों और उनके साथ आए सहयोगी को बेरहमी से पीटा.

रवि जंभुलकर और किशोर बोरकुटे गंभीर रूप से घायल हो गए. गौरकर और ठेंगने को भी हल्की चोट लगी. बुरी तरह पीटे जाने के कारण रवि जंभुलकर को चंद्रपुर में भर्ती कराया गया. जबकि बोरकुटे का इलाज गोंडपिपरी में चल रहा है. घटना की जानकारी मिलते ही महावितरण विभाग में हड़कंप मच गया. महावितरण के अधिकारियों ने तुरंत इस संबंध में गोंडपिपरी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. गोंडपिपरी पुलिस उपनिरीक्षक मंगेश कराडे तुरंत मौके पर पहुंचे और मामले में कार्रवाई की. इसके साथ ही इस मामले में 17 आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है. गोंडपिपरी पुलिस घटना की आगे की जांच कर रही है।

## राष्ट्रीय महामार्ग पर नये पुल को पुराने पुल का सहारा

**चंद्रपुर.**

चिमूर वरोरा राष्ट्रीय महामार्ग का काम केसीसी कंपनी द्वारा जोरों से कार्य शुरू कर दिया गया है. हालांकि इसी राष्ट्रीय महामार्ग पर चारगांव के पास पुल का निर्माण कार्य एक तरफ से आंशिक रूप से किया गया था. वह आधा पुल पुराने आधे पुल से जुड़ा गया. और ऊपर से सड़क का काम हो गया. इसलिए नये पुल को पुराने पुल का सहारा केसीसी कंपनी ने दिया है.

केसीसी कंपनी ने चिमूर वरोरा राष्ट्रीय महामार्ग का काम शुरू कर दिया है. पुल निर्माण का कार्य भी इसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है. सड़क निर्माण के दौरान ड्राइविंग के दौरान सड़कों पर बड़ी मात्रा में धूल उड़ती है, इन सड़कों पर धूल उड़ने से रोकने के लिए पानी नहीं डाला जाता है. इन रास्तों पर दिन में लगभग तीन बार पानी का छिड़काव करना चाहिए. तो कुछ स्थानों पर घटिया गुणवत्ता के कार्य किये जा रहे हैं. खड़संगी में बैरिकेट्स लगाए गए है. वहां घटिया गुणवत्ता का काम किया गया है. किए गए काम पर पानी का छिडकाव नही करने से वह सडक मजबूत नही बन रही. तो चारगांव के पास पुराने पुल के किनारे सुरक्षा दीवार अब तक नहीं बनाई गई है. नागरिकों का कहना है कि सड़क आंशिक रूप से अवरुद्ध है. नागरिकों की मांग है कि प्रशासन इस हाईवे के काम पर ध्यान दे और काम को सही ढंग से कराए.



**पुराना पुल अच्छे कंडीशन में होने के कारण पूरा पुल नहीं बनाया गया. चूंकि आंशिक पुल उपयुक्त नहीं था, इसलिए एक नया आंशिक पुल बनाया गया और पुराने पुल से जोड़ा गया.**
**-पी एम विजयकुमार, केसीसी कंपनी**

# मातृत्व की दिल झकझोर देनेवाली नाटिका की प्रस्तुति

## > विवाह, तलाक, नस्ल, समाज सकारात्मकता और नकारात्मकता को दर्शाया

> महिला को धोखा देने की कहानी पर आधारित

**चंद्रपुर.**

कुसुम मनोहर लेले द्वारा 1986 में पुणे में घटी एक सच्ची कहानी पर आधारित नाटक है। हम अपने आस-पास ऐसी महिलाओं को देखते हैं जो पुरुष हिंसा का शिकार होती हैं, चाहे हम कितना भी इनकार कर लें, ये बात तो कायम है। इस नाटक में प्यार, झूठ, धोखा और एक महिला के पूरे जीवन की बर्बादी को प्रस्तुत किया गया है। यह कहानी है पुणे में रहने वाली एक पढ़ी-लिखी कामकाजी लड़की सुजाता की। मनोहर लेले पेशे से एक इंजीनियर हैं, उनकी पहली पत्नी कुसुम एक ऐसी महिला है जो कभी माँ नहीं बन सकती, लेकिन मनोहर उससे प्यार करता है और वह उससे बहुत प्यार करती है। इसी प्यार और अपने ही खून का बच्चा पाने के लिए यह जोड़ा एक साजिश रचता है

मनोहर लेले, जो विवाह साधक के रूप में सुयोग विवाह केंद्र में पंजीकरण कराते हैं, उनकी मुलाकात सुजाता देशमुख नामक एक तलाकशुदा महिला से होती है। मनोहर लेले ने यह कहकर कि उसकी पहली पत्नी से अभी तलाक नहीं हुआ है और वह जल्द ही तलाक ले लेगा, सुजाता को प्रेम जाल में फंसाया और उससे सगाई कर ली। उसका एक बच्चा था लेकिन वह पहले से ही शादीशुदा थी। फिर वह सुजाता को अपने घर ले आता है और उसका नाम कुसुम रखता है। उनकी पहली पत्नी कुसुम थीं.

मनोहर अपनी पत्नी से बच्चा पैदा करने के लिए कहता है और बच्चा होने के बाद मनोहर सुजाता को बच्चा दिए बिना ही घर से बाहर निकाल देता है और कहता है कि अब मेरी बच्चे की जरूरत पूरी हो गई है।



और कई नाटकीय घटनाओं के बाद, सुजाता के पहले तलाकशुदा पति बच्चा खोटे उर्फ सदानंद देशमुख को सुजाता को उसका बच्चा वापस मिल जाता है, और सुजाता और सदानंद के बीच सुलह हो जाती है और एक सुखद अंत होता है। कुसुम मनोहर लेले अशोक समेल द्वारा लिखित और चैताली बोरकुटे कटलावर द्वारा निर्देशित नाटिका है. मिशन बहुउद्देशीय सोसायटी चंद्रपुर द्वारा प्रस्तुत प्रोफेसर डॉ. ज्योति राखुंडे इस नाटक की निर्माता है.।

विवाहसंस्था के दुरुपयोग की गंभीर समस्या को हल करने के लिए दूल्हा सलाहकार बोर्ड कैसे बनाया जाता है ? बोर्ड को कैसे धोखा दिया जाता है ? यह नाटक इसी तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करता है।

मनोहर की पहली पत्नी कुसुम, जो एक बच्चे की उम्मीद कर रही है, मनोहर की बहन सुमी भी सुजाता को धोखा देने की कोशिश करती है।

साजिश में शामिल हैं. यहाँ यह उल्लेखनीय है. यह नाटक इस कड़वी सच्चाई की ओर भी इशारा करता है कि कैसे श्वेत समाज ऐसी घटनाओं को नजरअंदाज कर देता है और कैसे जमीनी स्तर पर लोग इस जुल्म को तोड़ने के लिए दौड़ पड़ते हैं। मनोहर लेले, जो अपने तथाकथित अच्छे व्यवहार से विवाह मंडल की प्रमुख निर्मला जोशी को धोखा देता है, कुटिल वकीलों की मदद से फर्जी तलाक के कागजात बनाकर, अपनी विनम्रता से निर्मला जोशी और अकेलेपन से तंग आ चुकी सुजाता को बहकाता है। , उसके जाल में फंस जाता है। ऐसे ही धोखे पर आधारित प्रभाकर पंशीकर का लाखोबा लोखंडे का किरदार 'तो मि नव्हेच' में अमर हो गया है।

निर्मला जोशी, जो सुजाता को बहन का प्यार देकर उसके साथ खड़ी रहती है, जो पहले विवाह मंडल के खिलाफ होती है और फिर सुजाता के साथ हुए अन्याय को देखकर उसके साथ खड़ी हो जाती है।

जोशीकाका, सुजाता के पहले पति का किरदार निभाने वाले खोटे उर्फ सदानंद देशमुख, मनोहर की बहन और पत्नी सभी ने अपनी भूमिकाएं बखूबी निभाई हैं। इनमें सुजाता का किरदार जानदार ढंग से निभाया गया, भतीजे और मजाकिया जोशी काका के किरदार दिल छू लेने वाले थे. मौके के हिसाब से लाइटिंग स्कीम, बॉक्स सेट का पिछला हिस्सा, किचन का नजारा, फिल्म के गाने, म्यूजिक प्लानिंग के हिसाब से खास तौर पर कॉस्ट्यूम डिजाइनर की मेहनत का ओवरऑल बैलेंस देखने को मिला निर्देशक द्वारा नाटक का अच्छे से प्रबंधन किया गया।

समाज में निःसंतान होने के कलंक के कारण एक पुरुष किस स्तर तक जा सकता है, एक बांझ औरत दूसरी औरत का पेट कैसे पकड़ सकती है, कैसे बहन जैसे रिश्तेदार ही नहीं बल्कि मानवता की रक्षा करने वाले समाज के कुछ संवेदनशील तत्व भी इस साजिश में शामिल हैं। विवाह, तलाक, नस्ल, समाज के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं को उजागर करने वाले व्यावसायिक थिएटर में लोकप्रिय कुसुम मनोहर लेले ने दर्शकों को आत्मनिरीक्षण और अलग अनुभव दिया।

# श्रीलीला को लेकर इब्राहिम अली ने की टिप्पणी



साल 2021 में फिल्म का पहला पार्ट 'पुष्पा: द राइज' रिलीज़ हुआ था. तब से ही इसके दूसरे पार्ट का इंतज़ार हो रहा है. फिल्म के पहले पार्ट में समांथा रुथ प्रभु ने आइटम सॉन्ग किया था, लेकिन इस बार मेकर्स ने श्रीलीला को एक ज़ोरदार हाई एनर्जी आइटम सॉन्ग के लिए कास्ट किया है. इसी बीच एक्ट्रेस का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. दरअसल, यह वीडियो उनकी वैनिटी वैन का है. जिसमें वह एक प्यारी सी बच्ची को अपनी गोद में लेकर बैठी हुई हैं. यह बच्ची एक्ट्रेस से मिलने के लिए उनकी वैनिटी वैन में पहुंची थी. वीडियो में एक्ट्रेस बच्ची के साथ अपना 'किसिक' गाना गाते हुए नजर आ रही हैं.

वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा- ''किसिक किड्स फॉर द क्यूट किडी, वैनिटी विजिटर''. बच्ची के साथ 'किसिक' गाना गाने के बाद वह खुद को रोक नहीं पाईं और और बच्ची को कसकर गले लगा लिया और उसे किस किया. एक्ट्रेस के इस वीडियो पर इब्राहिम अली खान ने मजाकिया अंदाज में टिप्पणी की, ''आपने इस बेचारी छोटी बच्ची के साथ छेड़छाड़ क्यों की? इस पर




# 2024 में अनंत-राधिका ने बनाया रिकॉर्ड

मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी ने इस साल राधिका मर्चेंट से शादी की थी. ये शादी इस साल की सबसे ज्यादा चर्चित शादी थी जो टॉप ऑफ द टाउन रही. ये कहना गलत नहीं होगा कि ये साल अंबानी परिवार और खासकर अनंत-राधिका के लिए बेहद खास रहा. वहीं, अब अपनी शादी और प्री-वेडिंग फंक्शन के चलते राधिका और अनंत इंटरनेशनल लेवल पर पॉपुलर हो चुके हैं.



साल 2024 में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट सबसे ज्यादा चर्चे में रहने वाले सेलिब्रिटीज हैं. जिसकी वजह से इस कपल ने मोस्ट स्टाइलिश पीपल की लिस्ट में जगह बना ली है. इसका सबूत हाल ही में न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा जारी की गई 2024 के मोस्ट स्टाइलिश पीपल की लिस्ट है. दोनों के प्री वेडिंग के लुक ने इन्हें इस लिस्ट में शामिल कर लिया.

न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिस्ट में राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी को 63 लोगों की इस लिस्ट में शामिल करते हुए लिखा- 'एक रेड कार्पेट.. पॉप्सिकल्स के साइज के एमेराल्ड्स और रिहाना. उनकी प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में ये सबकुछ था.' इस लिस्ट में राधिका और अनंत के अलावा बियोंसे, जेंदया, एडेल, चार्ली एक्ससीएक्स जैसे इंटरनेशनल सेलेब्स के नाम शामिल हैं. राधिका और अनंत ने अपनी शादी मऔर प्री-वेडिंग फंक्शंस में बेहद ही खूबसूरत और स्टाइलिश लुक रखा था. राधिका का हर लुक बहुत खास था और उन्होंने अपनी शादी में पुराने और नए फैशन को मिक्स किया था. उन्होंने अपनी शादी में एक खास लहंगा पहना था, जिसमें हाथ से पेंट किए गए डिजाइन थे और सोनी की जरदोजी कढ़ाई भी थी. वहीं अनंत की शेरवानी भी बेहद शानदार थी, उसमें भी सोनी की जर्दोजी कढ़ाई का काम किया गया था और साइड में हाथी वाले ब्रोच ने लोगों का ध्यान खींचा. वहीं हर एक फंक्शन के लिए कपल ने पारंपरिक लुक को कैरी किया था.

# ऐश्वर्या-अभिषेक दिखें साथ



बीते कुछ दिनों से ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन के रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की खबरें सुनने को मिल रही है. लोग दोनों के रिश्तों पर आए दिन मनगढंत और झूठी कहानियां बना रहे हैं. हालांकि, इस कपल ने कभी भी इस बारे में खुलकर बात नहीं की, लेकिन यह अनुमान लगाया गया कि बच्चन परिवार में पारिवारिक विवाद चल रहा है इसी बीच हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा देखने को मिल रहा है, जिसे देख अफवाहें फैलाने वाले लोगों की बोलती बंद हो गई है. दरअसल, इंटरनेट पर इस वक्त एक तस्वीर धड़ल्ले से वायरल हो रही है, जिसमें ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन एक साथ नजर आ रहे हैं. इस दौरान ऐश्वर्या की मां बृंदा राय भी कपल के साथ दिखाई दे रही हैं. सबसे खास बात यह है कि इस फोटो में सभी के चेहरे पर एक खास स्माइल देखने को मिल रही है. इस फोटो में ऐश्वर्या राय सबसे आगे सेल्फी ले रही हैं और अभिषेक पीछे खड़े दिख रहे हैं. फोटो में ऐश्वर्या-अभिषेक और उनकी मां के अलावा जानी-मानी फिल्म प्रोड्यूसर अनु रंजन भी दिखाई दे रही हैं.अनु रंजन ने ही अपने इंस्टा पर इस तस्वीर को शेयर किया है. बताया जे रहा है कि ये तस्वीर एक इवेंट की है, जहां ऐश्वर्या-अभिषेक को लंबे समय बाद साथ देखा गया. वहीं अनु रंजन के अलावा इस इवेंट में कपल ने आयशा जुल्का के साथ भी फोटो क्लिक की है और उनकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आई हैं. ऐश्वर्या-अभिषेक की इन तस्वीरों को देखकर अब अफवाहें फैलाने वालों की बोलती बंद हो गई हैं. तो वहीं दूसरी ओर ऐश्वर्या-अभिषेक को साथ देख उनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है. लंबे समय बाद अब कपल को साथ देख फैंस खुशी से झूम उठे हैं.

# शाहरुख ने खुद को बताया आधा अनाथ



शाहरुख खान ने अपने करियर को कम से कम 30 साल दिए हैं. वह जल्द ही 'मुसाफा: द लॉयन किंग' में शेर बनकर दिखेंगे. वहीं हाल ही में इसी बीच उन्होंने खुद को आधा अनाथ और आधा आउटसाइडर बताया है. उन्होंने बताया कि कैसे मुसाफा की तरह उनकी असली स्टोरी भी इससे मिलती है. कैसे मुसाफा जंगल का राजा है तो वह बॉलीवुड के.एक्टर ने बताया, 'हां, मेरी कहानी भी ऐसी है. क्योंकि जिनके पैरेंट्स नहीं होते वह अनाथ कहलाते हैं. मैंने भी अपनी जवानी में अपने माता-पिता को खो दिया था. इसलिए मैं आधा अनाथ हूं.' शाहरुख खान के पिता मीर ताज मोहम्मद का निधन तब हो गया था जब वह 15 साल के थे. वहीं 10 साल बाद उनकी मां लतीफ फातिमा खान का भी निधन हो गया था.

इसके आगे उन्होंने कहा कि मुसाफा और उनमें ये तीन चीजे कॉमन बताई है. उन्होंने बताया कि पहले वह मुसाफा की तरह आधे अनाध थे. दूसरा, वह शुरुआत में आउटसाइडर होने के नाते काफी डरे हुए थे. तीसरा, मुसाफा की कहानी भी एक किंग की है और वह भी एक किंग है. इस दौरान आउटसाइडर होने पर शाहरुख खान ने कहा, 'आउटसाइडर होना बहुत ही डरावना होता है.'

बता दे कि शाहरुख खान के अलावा उनके बेटे आर्यन खान और अबराम खान ने भी अपनी आवाज डब की है. यह फिल्म 20 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है. इसे बेरी जेनकिन्स ने डायरेक्ट किया है.

# 24 साल बाद ममता ने खोले कई दबे हुए राज

ड्रग्स केस के आरोपों से मुक्त हो चुकी ममता हाल ही में 24 साल बाद भारत लौटी हैं. इस दौरान हाल ही में ममता ने भारत आकर एक न्यूज चैनल से बातचीत की है और अपनी जिंदगी से जुड़े कई राज से पर्दा उठाया है. इंटरव्यू के दौरान ममता ने अपने और विक्की के रिश्ते को लेकर भी बात की. ममता कुलकर्णी ने बताया कि ' मेरी विक्की से शादी नहीं हुई है. वो मेरे पति नहीं हैं. मैं अब भी सिंगल हूं. हालांकि ममता ने ये कबूल किया है कि वो और विक्की रिश्ते में थे. लेकिन अब उन्होंने विक्की संग अपने सारे रिश्ते तोड़ लिए हैं.



ममता ने आगे कहा- 'विक्की दिल का अच्छा आदमी है. फिल्म इंडस्ट्री के हर लोग उससे मिलने जाते थे. तो मैं भी उनसे मिलने जाती थी. मगर इंडस्ट्री से मैं आखिरी शख्स हूं जो उनसे मिलने गई थी. जब मुझे उनकी सच्चाई के बारे में पता चला तो मैंने उन्हें छोड़ दिया था. जब वो दुबई जेल में था तो मैंने उन्हें जेल से बाहर निकालने के लिए ध्यान साधना में चली गई. इसके बाद विक्की 2012 में जेल से बाहर आ गए थे और मैं 2016 में उनसे मिली थी. उसके बाद वो दोबारा अरेस्ट हो गए थे. मेरा और विकी का रिश्ता रहा है, लेकिन मैंने 4 साल पहले उसे ब्लॉक कर दिया. अब वह मेरा पास्ट है में उसे छोड़ चुकी हूं.'

वहीं ड्रग्स केस पर बात करते हुए ममता ने कहा कि 2014 में जिस केस का जिक्र पुलिस ने किया है, तब में केन्या में विकी से मिलने गई थी लेकिन मुझे नहीं पता था की उसने वहां किसके साथ मीटिंग की. मेरा नाम पुलिस ने ड्रग्स केस में डाला, लेकिन उसके बिजनेस के साथ मेरा कोई लेना देना नहीं है. आज कोर्ट ने मुझे सब आरोप से बरी कर दिया है.' फिलहाल अपने इस हालिया इंटरव्यू को लेकर ममता सुर्खियों में हैं.ममता ने सालों बाद भारत लौटने की वजह का खुलासा किया है. उन्होंने बताया कि '25 साल तक भारत के बाहर थी. मैं अपनी खोज में थी और अब कुंभ मेला होने वाला है, इसलिए यहां आई हूं.' इसके आगे ममता ने ये भी बताया कि वह फिल्म इंडस्ट्री में दोबारा नहीं जाने वाली हैं. वो अपनी जिंदगी से खुश हैं.

# शादी के बाद घर से बाहर निकले नागा-शोभिता

शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य शादी के बंधन में बंध चुके हैं. नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला की शादी की तस्वीरें इस समय हर जगह छाई हुई हैं. लोग शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य की तस्वीरों से नजर नहीं हटा पा रहे हैं. शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य के फैंस लगातार उनको शादी की बधाई दे रहे हैं. इसी बीच शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है. कुछ देर पहले ही शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य को घर के बाहर देखा गया है. शादी के बाद शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य पहली बार घर से निकले हैं. इस दौरान शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य के साथ नागार्जुन भी नजर आए.



शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य शादी की रस्में खत्म होने के बाद भगवान के दर्शन करने पहुंचे थे. इस दौरान शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य ट्रेडिशनल लुक में नजर आए. वहीं नागार्जुन ने भी बेटे और बहू के साथ मंदिर के दर्शन किए. वायरल हो रहे वीडियो में शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य अपने परिवार के साथ पंडितजी का आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं जो कि संस्कृत में मंत्रोच्चारण कर रहे हैं.

शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य के इस अंदाज ने उनके फैंस का दिल जीत लिया है. वीडियो में शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य ऑरेंज कलर के आउटफिट्स में दिख रहे हैं. बता दें शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य की शादी होते ही सबसे पहले नागार्जुन ने उनको बधाई दी थी. नागार्जुन ने शादी की तस्वीरें शेयर करके शोभिता धूलिपाला का अपने घर में स्वागत किया था. शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य की शादी से नागार्जुन काफी खुश हैं

# पुष्पा ने वर्ल्डवाइड कमाए 400 करोड़

अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' ने बॉक्स ऑफिस पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। सभी भाषाओं में 174.9 करोड़ रुपए से ज्यादा की शानदार ओपनिंग के बाद, फिल्म ने दूसरे दिन भी ताबड़तोड़ कमाई की है और भारत में 90.01 करोड़ रुपए की कमाई की। रिपोर्ट के अनुसार, दो दिनों में 265 करोड़ रुपए की तगड़ी कमाई के साथ, 'पुष्पा 2' ने आधिकारिक तौर पर दुनिया भर में 400 करोड़ रुपए की कमाई का आंकड़ा भी पार कर लिया है। यह चौंका देने वाला कलेक्शन अल्लू अर्जुन द्वारा पुष्पा राज के किरदार के लिए लोगों के प्यार को दिखाता है।




कई भाषाओं में रिलीज हुई 'पुष्पा 2' को दूसरे दिन सभी संस्करणों में अच्छी ऑक्यूपेंसी मिली। तेलुगु में फिल्म ने 53 प्रतिशत की कुल ऑक्यूपेंसी दर्ज की, जबकि हिंदी में यह 51.65 प्रतिशत रही। तमिल में 38.52 प्रतिशत, कन्नड़ में 35.97 प्रतिशत और मलयालम में 27.30 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी रही। फिल्म ने पहले दिन कई रिकॉर्ड तोड़ने के बाद, अपनी रिलीज के दूसरे दिन भारत में 90.1 करोड़ रुपए की कमाई की। अपने पहले दिन, 'पुष्पा 2' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर राजमौली की आरआरआर को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल कर लिया है। अल्लू अर्जुन की फिल्म ने 'बाहुबली 2' और के एफजी 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया और पिछले साल रिलीज हुई शाहरुख खान की 'जवान' को पीछे छोड़ते हुए सबसे बड़ी

# भारत की दूसरी पारी लड़खड़ाई

## 128 रन पर गंवाए पांच विकेट

**नई दिल्ली.**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारतीय पारी लड़खड़ा गई। भारत ने दूसरी पारी में अपने पांच विकेट 128 रन पर गंवा दिए हैं और वह अभी 29 रन पीछे है। भारत पर हार का खतरा मंडरा रहा है और अब सारा दारोमदार ऋषभ पंत तथा नीतीश रेड्डी पर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में खेला जा रहा दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 337 रन बनाकर 157 रनों की बढ़त हासिल की थी। भारतीय टीम की बल्लेबाजी दूसरी पारी में खराब रही और टीम ने 128 रन पर अपने पांच विकेट गंवा दिए। भारतीय टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 29 रन पीछे है। स्टंप्स के समय ऋषभ पंत 28 रन और नीतीश रेड्डी



15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो विकेट लिए, जबकि मिचेल स्टार्क को एक विकेट मिला। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में ऑलआउट करने के बाद उतरी भारतीय टीम की बल्लेबाजी दूसरी पारी में बेहद खराब रही। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की ओपनिंग जोड़ी विफल रही और टीम को मजबूत शुरुआत नहीं दिला सकी। सबसे पहले राहुल आउट हुए जिन्हें कमिंस ने सात रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। फिर बोलैंड ने यशस्वी (24) और विराट कोहली (11) को आउट कर भारत को दोहरा झटका दिया। शुभमन गिल भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके और उन्हें 28 रन के स्कोर पर स्टार्क ने बोल्ड किया। कप्तान रोहित शर्मा की खराब फॉर्म दूसरी पारी में भी जारी रही जो कमिंस की गेंद पर छह रन बनाकर पवेलियन लौटे।

इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए। भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए थे। ट्रेविस हेड ने 140 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं, भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने चार-चार विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को एक विकेट पर 86 रन से आगे खेलना शुरू किया और 251 रन बनाने में आखिरी के नौ विकेट गंवा दिए। शुरुआती सत्र में टीम ने मैकस्वीनी (39), स्टीव स्मिथ (2) और मार्नस लाबुशेन के रूप में तीन विकेट गंवाए। लाबुशेन ने 64 रन बनाए। मैकस्वीनी और स्मिथ को बुमराह ने आउट किया, जबकि लाबुशेन को नीतीश रेड्डी ने आउट किया। तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को बोल्ड कर भारत को पांचवां झटका दिया है। रोहित 15 गेंदों पर छह रन बनाकर पवेलियन लौटे। इससे पहले मिचेल स्टार्क की गेंद पर रोहित आउट होने से बचे थे, लेकिन गेंद नो बॉल हो गई थी। हालांकि, रोहित इसका फायदा नहीं उठा सके। 105 रन के स्कोर पर भारत की आधी टीम पवेलियन लौट गई है और वह ऑस्ट्रेलिया से फिलहाल 52 रन पीछे चल रही है। 86 के स्कोर पर भारत को चौथा झटका लगा। मिचेल स्टार्क ने शुभमन गिल को क्लीन बोल्ड किया। वह 30 गेंद में 28 रन बना सके। फिलहाल रोहित शर्मा और ऋषभ पंत क्रीज पर हैं। इसमें तीन चौके शामिल हैं। भारत अब भी ऑस्ट्रेलिया से 71 रन पीछे है।

# जेपी डुमिनी ने अचानक दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली.**

जेपी डुमिनी ने दक्षिण अफ्रीकी टीम के बल्लेबाजी कोच पद से इस्तीफा दे दिया है. दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को एलान करके बताया कि डुमिनी ने निजी कारणों से कोच पद छोड़ने का फैसला लिया है. अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी है कि डुमिनी टीम के व्हाइट बॉल बल्लेबाजी कोच पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहे हैं. उन्हें मार्च 2023 में बल्लेबाजी कोच के तौर पर नियुक्त किया गया था.

दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी किए गए स्टेटमेंट में लिखा गया कि दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के दिग्गजों में से एक जेपी डुमिनी मार्च 2023 से ही टीम का अभिन्न हिस्सा बने रहे. उनका व्हाइट बॉल फॉर्मेट में बल्लेबाजी के सुधार में योगदान



अतुलनीय रहा. डुमिनी की सेवाओं के लिए सीएसए ने उनका आभार व्यक्त किया.

जेपी डुमिनी के इस्तीफे के साथ ही अब दक्षिण अफ्रीकी व्हाइट बॉल टीम (टी20 और वनडे) को एक नए बल्लेबाजी कोच की जरूरत है. देश के क्रिकेट बोर्ड ने अपने स्टेटमेंट में बताया कि नए बैटिंग कोच की तलाश शुरू हो गई है और जल्द ही एक नए नाम का एलान कर दिया जाएगा. जेपी डुमिनी ने साल 2004 से लेकर 2019 तक इंटरनेशनल लेवल पर दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया. इस लंबे करियर में उन्होंने अफ्रीका के लिए 326 इंटरनेशनल मैचों में 9,000 से अधिक रन और 132 विकेट भी चटकाए. दक्षिण अफ्रीकी टीम इस समय श्रीलंका के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में व्यस्त है. अफ्रीका पहला मैच 233 रनों से जीत चुकी है.

# बुमराह की चोट ने दी टीम इंडिया को टेंशन

**नई दिल्ली.**

टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज की शुरुआत तो शानदार अंदाज में की लेकिन दूसरे टेस्ट में वो बड़ी मुसीबत में फंस गई है. पर्थ टेस्ट जीतने के बाद एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट मैच खेलने उतरी टीम इंडिया को दो दिन के अंदर ही ऑस्ट्रेलिया ने अपनी बॉलिंग और फिर बैटिंग से बैकफुट पर धकेल दिया. लेकिन टीम इंडिया पर सबसे बड़ी आफत स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर टूटी है, जो ओवर के बीच में ही चोटिल हो गए.

भारतीय टीम को ये टेंशन देने वाली खबर मिली डे-नाइट टेस्ट के दूसरे दिन के दूसरे सेशन में. ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड विस्फोटक बैटिंग कर रहे थे



और उन्होंने शतक जमा दिया था. ऑस्ट्रेलियाई टीम को बढ़त हासिल हो चुकी थी और भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गई थी. ऐसे में एक बार फिर बुमराह को बुलाया गया कि वो शायद सफलता दिला सकें मगर ऐसा नहीं हो सका. बल्कि इसका उल्टा ही हो गया.

81वें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए बुमराह की तीसरी बॉल पर ट्रेविस हेड ने चौका जमा दिया. अब बुमराह अगली गेंद डालने के लिए दौड़े और जैसे ही वो गेंद डालने वाले थे, तभी अचानक रुक गए और वहीं मैदान पर बैठ गए. बुमराह ने इस दौरान अपनी ग्रोइन और कंधे में दर्द की शिकायत की. उनके चेहरे पर भी तनाव साफ दिख रहा था. ये नजारा देखते ही टीम इंडिया के भी होश उड़ गए और कप्तान रोहित शर्मा समेत बाकी खिलाड़ी भी उनके पास पहुंच गए. वहीं तुरंत ही भारतीय टीम के फिजियो भी मैदान पर आ गए और उनकी जांच करने लगे.

हालांकि जल्द ही पूरी टीम ने राहत की सांस ली क्योंकि फिजियो का जादू काम कर चुका था. बुमराह तुरंत उठे और फिर से बॉलिंग के लिए लौट गए. हालांकि उनकी अगली ही गेंद पर फिर से हेड ने एक चौका जमा दिया लेकिन बुमराह को फिर से बॉलिंग करता देखना भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर थी. बुमराह ने कुछ ही देर में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को बोल्ड किया,

## रोनाल्डो की टीम अल-नासर को हराया

**क्रिस्टियानो**

रोनाल्डो के गोल के बावजूद अल-नासर को सऊदी प्रो लीग फुटबॉल में अल-इत्तेहाद से 1-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। अल-इत्तेहाद की जीत में करीम बेंजेमा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने मैच के 55वें मिनट में पहला गोल दागा। रोनाल्डो ने हालांकि इसके दो मिनट के बाद गोलकीपर प्रेडरैग राजकोविच को चकमा देकर स्कोर बराबर कर दिया। रोनाल्डो के इस गोल ने राजकोविच को लगातार छठे मैच में 'क्लीन शीट' हासिल करने से रोक दिया।रोनाल्डो और बेंजेमा के नाम इस लीग में अब 10-10 गोल हो गये हैं। सादियो माने ने अल-नासर के लिए अपना दूसरा गोल करने का मौका गंवा.

# बढ़त हासिल करने को बेताब गुकेश-लिरेन

**नई दिल्ली.**

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 10वीं बाजी में बढ़त हासिल करने के लिए बेताब होंगे। गुकेश और लिरेन के बीच लगातार छह बाजी ड्रॉ रही है और दोनों खिलाड़ियों के फिलहाल एक समान 4.5 अंक हैं। गुकेश ने जीत के कई मौके गंवाए लेकिन फायदे की स्थिति को जीत में नहीं बदल सके। विश्व चैंपियनशिप में अब सिर्फ पांच क्लासिकल बाजियां खेली जानी शेष है। गुरुवार को भी लिरेन और गुकेश ने अंक बांटे। चीन के 32 वर्षीय लिरेन ने पहली बाजी जीती थी जबकि गुकेश तीसरी बाजी में विजयी रहे थे। बाकी सभी बाजियां ड्रॉ रही। अगर इतिहास की बात करें तो अगर आठ बाजियों के बाद स्कोर 4-4 से बराबर हो तो गत चैंपियन मैच जीत जाता है।





भारतीय ग्रैंडमास्टर को पता है कि उन्हें अपने चीन के प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बेजोड़ खेल दिखाना होगा जिन्हें मुश्किल समय में चतुराई भरी चाल चलने के लिए पहचाना जाता है। विश्व के नंबर एक और पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने बिना किसी संकोच के कहा कि गुकेश के पास अधिक समय नहीं है। कार्लसन ने कहा, मुझे लगता है कि हम आखिरकार उस लम्हे पर पहुंच गए हैं जब गुकेश अब इस मुकाबले में प्रबल दावेदार नहीं है, अब दोनों के पास 50 प्रतिशत मौका है। यदि 14 दौर के बाद भी स्कोर बराबर रहता है तो विजेता का निर्धारण करने के लिए फास्टर टाइम कंट्रोल का सहारा लिया जाएगा और कहा जाता है कि छोटे प्रारूप की बाजियों में लिरेन बेहतर स्थिति में रहते हैं। हाल ही में शतरंज ओलंपियाड में भारत की पहली खिताबी जीत के सूत्रधारों में से एक गुकेश ने गुरुवार को नौवीं बाजी ड्रॉ होने के बाद कहा था कि वह महत्वपूर्ण क्षणों में अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। नौवीं बाजी में भारतीय खिलाड़ी को अपनी 20वीं चाल पर कुछ दबाव बनाने का मौका मिला लेकिन लिरेन ने उन्हें चौंका दिया।

# मैकेनिक के बेटे ने हॉकी से दूर की परिवार की तंगी

**नई दिल्ली.**

अपने आदर्श मनप्रीत सिंह को खेलते हुए देखने के लिए 10 किलोमीटर से ज्यादा पैदल चलने वाले आमिर अली भारतीय टीम के पूर्व कप्तान के साथ हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में एक साथ खेलने को लेकर रोमांचित हैं। आमिर के पिता मोटरसाइकिल मैकेनिक है और उन्हें अपने अब तक के सफर में वित्तीय मामले में काफी संघर्षों करना पड़ा है। आमिर हॉकी के जरिये अपने परिवार की इस समस्या को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

एचआईएल 2024-25 नीलामी में टीम गोनासिका द्वारा 34 लाख रुपये में खरीदे गए आमिर ने कहा, अपनी किशोरावस्था के दौरान, मुझे अपने पिता की बाइक मैकेनिक की नौकरी से शर्मिंदगी महसूस होती थी क्योंकि मैं इतना परिपक्व नहीं था कि यह महसूस कर सकूं कि कोई भी काम महत्वहीन नहीं है। उन्होंने कहा, यह हमारे परिवार का संघर्ष ही था जिसने मुझे हॉकी में अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। मैं अपनी वित्तीय परेशानी से बाहर निकलने के साथ अपने परिवार और देश को गौरवान्वित करना चाहता था।

इस 20 साल के खिलाड़ी की अगुवाई में भारत ने हाल ही रिकॉर्ड पांचवीं बार जूनियर एशिया कप का खिताब जीता है। जूनियर एशिया कप में जीत के बाद आत्मविश्वास से लबरेज आमिर एचआईएल में अपनी लय को जारी रखना चाहते है। उनका सपना हालांकि भारत की मुख्य टीम के लिए खेलना है। उन्होंने कहा, जूनियर एशिया कप जीतने से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है मैं उस लय को एचआईएल में जारी रखना चाहता हूं।

# गस एटकिंसन ने न्यूजीलैंड पारी को किया समाप्त

**नई दिल्ली.**

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करने उतरी कीवी टीम भरभरा कर गिर गई. उसके सभी बल्लेबाज केवल 125 रन पर ऑलआउट हो गए. इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्से ने मध्यक्रम में कहर ढाते हुए चार प्रमुख विकेट लिए. जबकि गस एटकिंसन ने अंतिम में एक शानदार हैट्रिक लेकर रही सही कसर पूरी कर दी. कप्तान केन विलियम्सन (37 रन) के अलावा न्यूजीलैंड का कोई भी बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाया. ग्लेन फिलिप्स और नाथन स्मिथ ने 8 वें विकेट के लिए कुछ संघर्ष करते हुए 29 रन की साझेदारी की लेकिन एटिकिंसन ने 125 के स्कोर पर दनादन तीन विकेट झटकते हुए कीवी पारी का अंत कर



दिया. इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट वेलिंगटन में खेला जा रहा है. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लिश टीम ने कल 6 दिसंबर को 10 विकेट के नुकसान पर 280 रन बनाए. इंग्लैंड की नई बल्लेबाजी सनसनी हैरी ब्रूक ने शानदार शतक बनाया. लेकिन हैरी (123) और ओली पोप (66) के अलावा कोई भी अंग्रेज बल्लेबाज ज्यादा नहीं चल सका. नाथन स्मिथ और विल रोर्रुके ने क्रमशः 4 और 3 विकेट लिए.

इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 125 के मामूली स्कोर पर समेट दिया गया है.. ब्रायडन कार्से द्वारा एक ओवर में दो विकेट लेने के बाद फिलिप्स और नाथन स्मिथ ने कुछ चौके लगाए और एटकिंसन ने शानदार हैट्रिक के साथ चीजों को तेजी से समेटा. न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी में विलियमसन ने कल अच्छी पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाजों के पास इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों की बॉलिंग का कोई जवाब नहीं था. इंग्लैंड ने 155 की भारी बढ़त हासिल कर ली है और दूसरी पारी में 1 विकेट के नुकसान पर 180 रन बना लिए हैं. बेन डकेट और जैकब बेथेल शतक के नजदीक हैं और क्रमशः 79 और 88 रन बनाकर खेल रहे हैं. इंग्लैंड ने अपने खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के बलबूते इस टेस्ट में निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है. आज खेल का दूसरा दिन ही है और उसके पास 335 रन से ज्यादा की लीड हो चुकी है.

इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच 8 विकेट से जीता था. पहले टेस्ट में जीत के बाद न्यूजीलैंड 5वें स्थान पर फिसल गया था. दूसरे टेस्ट में भी इंग्लैंड की लीड अब 335 रन से ज्यादा की हो चुकी है. अगर इंग्लैंड यह टेस्ट भी जीत जाता है तो विश्व टेस्ट चैंपिंयनशिप की तालिका में न्यूजीलैंड और भी नीचे खिसक सकता है. इंग्लैंड के लिए यह जीत उसे जीत प्रतिशत के मामले में न्यूजीलैंड को पीछे कर 5वें स्थान पर कब्जा करने में मदद करेगी.

# भारत-बांग्लादेश के बीच एशिया कप का फाइनल

**नई दिल्ली.**

अंडर-19 एशिया कप 2024 टूर्नामेंट की शुरुआत 29 नवंबर को हुई थी. अब इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाना है. एशिया कप 2024 के फाइनल में भारत और बांग्लादेश की अंडर-19 टीमें रविवार 8 दिसंबर यानी आज दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने होंगी. दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की. भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की. 13 वर्षीय युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई. उन्होंने 174 रनों के लक्ष्य को महज 21.4 ओवर में हासिल करने में अहम भूमिका





निभाई. इस जीत के साथ ही भारत ने रिकॉर्ड नौवीं बार अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है.

वहीं दूसरी तरफ बांग्लादेश ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था. टीम के कप्तान मोहम्मद अजीजुल हकीम तमीम ने शानदार पारी खेली और टीम को फाइनल में पहुंचाया. इस बार बांग्लादेश की टीम इतिहास रचने के इरादे से फाइनल मुकाबले में उतरेगी.मोहम्मद अमान (कप्तान), आयुष म्हात्रे, वैभव सूर्यवंशी, सी आंद्रे सिद्धार्थ, किरण चोरमाले (उपकप्तान), प्रणव पंत, हरवंश सिंह पंगालिया (विकेटकीपर), अनुराग कवड़े (विकेटकीपर), हार्दिक राज, मोहम्मद इनान, केपी कार्तिकेय, समर्थ नागराज, युधाजीत गुहा, चेतन शर्मा, निखिल कुमार. जवाद अबरार, कलाम सिद्दिकी अलीन, मोहम्मद अजीजुल हकीम तामिम (कप्तान), मोहम्मद शिहाब जेम्स, मोहम्मद रिजान हसन, मोहम्मद फारिद हसन फैसल (विकेटकीपर), देबाशीष सरकार देबा, मोहम्मद सामिन बसीर रतुल, मारुफ मृधा, अल फहद, इकबाल हुसैन इमोन, अशरफुज्जमान बोरेंनो, मोहम्मद रिफात बेग, साद इस्लाम रजिन, मोहम्मद रफी उज्जमान रफी.दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने होंगी

अंडर-19 एशिया कप 2024 का फाइनल मुकाबला 8 दिसंबरयानि आज भारतीय समयानुसार सुबह

## अक्षय का कॉमनवेल्थ कराटे में दबदबा

**नई दिल्ली.**

दक्षिण अफ्रीका के डरबन में आयोजित कॉमनवेल्थ कराटे चैंपियनशिप में

अमर उजाला में कार्यरत अक्षय महारा भूषणम का गोल्डन हैट्रिक के साथ दबदबा रहा। उन्होंने 84 किग्रा भारवर्ग में खिताब जीता। कॉमनवेल्थ कराटे चैंपियनशिप में अक्षय ने व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में कुल तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

अक्षय ने नाइजीरिया, स्कॉटलैंड बोत्सवाना और इंग्लैंड के प्रतिद्वंद्वियों पर दबदबा बनाया और फाइनल में 10-0 की जीत के साथ श्रेष्ठता साबित की। हर मुकाबले में उनकी जीत का अंतराल कम से कम

8 अंक का रहा। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने महज एक अंक गंवाया। अक्षय ने कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में पहला पदक 2018 में जूनियर वर्ग (76 किग्रा) में और दूसरा 2022 में सीनियर वर्ग में जीता था।

# पृथ्वी शॉ की ये कहानी कर देगी भावुक



**नई दिल्ली.**

आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन खत्म हो चुका है और हर फ्रेंचाइजी ने आईपीएल में जीत हासिल करने के लिए तैयारी करना शुरु कर दिया है। लेकिन इन सब के बीच एक नाम जिसपर अब भी चर्चा बरकरार है वो हैं पृथ्वी शॉ। पृथ्वी शॉ आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे। शॉ के अनसोल्ड होने के बाद से क्रिकेट दिग्गजों से लेकर उनके पूर्व कोच ने अलग-अलग तरह की प्रतिक्रिया दी। पृथ्वी शॉ की फिटनेस और अनुशासनहीनता के चलते ही रणजी ट्रॉफी से मुंबई की टीम ने भी ड्रॉप कर दिया था और अब आईपीएल से भी उनका पत्ता कट चुका है। इस दौरान पृथ्वी शॉ के कोच ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि उसने बचपन में बहुत बुरे दौर का भी सामना किया है।पृथ्वी शॉ के बचपन के कोच राजू पाठक ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत के दौरान कहा कि, 'वे बहुत अमीर नहीं थे। शॉ के पिता कुछ बिजनेस करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन उनका बिजनेस कुछ खास चल नहीं पाया। शॉ और उनके परिवार ने बहुत मुश्किल वक्त भी देखा है। शॉ को अपनी जरूरत की चीजों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था।

उसकी मां भी नहीं थी (शॉ की मां का निधन उनके बचपन में ही हो गया था।) जो उसे उस तरह से मार्गदर्शन दे सके जैसा सिर्फ एक मां ही कर सकती है। उसने बहुत सी कठिनाइयों का सामना किया है। एक समय था जब पृथ्वी शॉ टीम इंडिया का भविष्य माना जाता था। उनकी तुलना सचिन तेंदुलकर और सहवाग जैसे दिग्गज क्रिकेटर्स से होती थी। मगर बेहद कम समय में मिली दौलत शोहरत को वो संभाल नहीं पाए और आज क्रिकेट के मैदान से पूरी तरह दूर हैं। पृथ्वी शॉ के कोच ने आगे कहा कि "उसने अपने जीवन में बहुत जल्दी सफलता देख ली।

# लीडरशिप पर इंडिया गठबंधन में रार

## कांग्रेस को पसंद नहीं ममता का दावा, सपा ने किया सपोर्ट

**नई दिल्ली।**

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजयी रथ को रोकने के लिए तैयार इंडिया गठबंधन में मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने जैसे ही इंडिया गठबंधन की लीडरशिप पर अपना दावा ठोका कि कांग्रेस भी खुलकर सामने आ गई। देश की सबसे पुरानी पार्टी को यह बात रास नहीं आई।

हालांकि, ममता के दावे को अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (सपा) का समर्थन जरूर मिला है। साथ ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने लालू यादव को इस गठबंधन का शिल्पकार करार दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में बयान दिया कि वह इंडिया गठबंधन की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। उनके इस बयान ने सहयोगी दलों के बीच असहमति को जन्म दिया है।



रिपोर्ट के मुताबिक, इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल कांग्रेस ने ममता बनर्जी के दावे पर असहमति जताई। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि गठबंधन का नेतृत्व सामूहिक सहमति से तय किया जाना चाहिए, न कि किसी एकतरफा घोषणा से। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा,

गठबंधन का नेतृत्व एक सामूहिक निर्णय होना चाहिए और इसे सभी सहयोगियों की सहमति से तय किया जाएगा।

समाजवादी पार्टी (एसपी) ने ममता के नेतृत्व का समर्थन किया है। समाजवादी पार्टी ने कहा कि ममता बनर्जी अपने नेतृत्व कौशल से हरियाणा और महाराष्ट्र में लगातार चुनावी हार के बाद इंडिया गठबंधन को मजबूत करेंगी। सपा प्रवक्ता उदयवीर सिंह ने कहा, 'अगर ममता बनर्जी ने ऐसी इच्छा जाहिर की हैं तो इंडिया ब्लॉक के नेताओं को उसपर विचार करना चाहिए और उनका सहयोग लेना चाहिए। इससे इंडिया गठबंधन मजबूत होगा। ममता बनर्जी ने भाजपा को बंगाल में रोकने का काम किया है। ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के प्रति हमारा 100 प्रतिशत समर्थन और सहयोग है।'

### राजद का बयान

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इस बहस को अलग दिशा देते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव ही गठबंधन के असली निर्माता हैं। राजद के प्रवक्ता ने कहा, 'इंडिया' गठबंधन किसी एक व्यक्ति की महत्वाकांक्षा पर नहीं बल्कि सामूहिक ताकत पर आधारित है। लालू प्रसाद यादव ने इस गठबंधन की नींव रखी थी और उनकी दृष्टि ही इसे आगे ले जाएगी।"

### इंडिया गठबंधन के सामने चुनौतियां

इन विभिन्न बयानों से यह स्पष्ट हो गया है कि विपक्षी दलों को एकजुट रहना चुनौतीपूर्ण होगा। गठबंधन ने अब तक ईवीएम छेड़छाड़ जैसे मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाई है, लेकिन नेतृत्व को लेकर विवाद उनके सामूहिक उद्देश्य को कमजोर कर सकता है। सियासी एक्सपर्ट का मानना है कि इन मुद्दों को सार्वजनिक मंच पर लाने के बजाय आंतरिक चर्चा में हल किया जाना चाहिए।

## गूगल मैप ने बता दिया ऐसा रास्ता

> मुसीबत में फंस गया परिवार



**नई दिल्ली।** गूगल मैप पर भरोसा करना बिहार के एक परिवार को भारी पड़ गया। गोवा घूमने निकले परिवार ने कर्नाटक के बेलागावी के पास जब गूगल नेविगेशन का प्रयोग किया तो वे मुसीबत में फंस गए। खानापुर इलाके के जंगलों के पास गूगल मैप ने उन्हें शॉर्टकट रास्ता दिखाना शुरू कर दिया। इसके बाद खतरे से अंजान परिवार ने गाड़ी मोड़ दी और वे जंगल में घुसते चले गए। थोड़ी देर बाद ही उन्हें पता चला कि वे जंगल के बीच में फंस चुके हैं। रात भी हो चुकी थी ऐसे में उनका डर और ज्यादा बढ़ गया।

जंगल के बीच में नेटवर्क ना होने की वजह से गुगल मैप भी नहीं चल रहा था। यह परिवार काफी देर तक जंगल में ही इधर-उधर भटकता रहा। घने जंगल के बीच में खूंखार जानवरों का भी खतरा था। किसी तरह से चार किलोमीटर चलने के बाद एक जगह मोबाइल नेटवर्क काम करने लगा। इसके बाद परिवार ने इमर्जेंसी नंबर पर फोन किया और स्थानीय पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

इसके बाद पुलिस ऐक्टिव हुई और परिवार की लोकेशन पता लगाई। पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार को लेकर जंगल से बाहर आई। बता दें कि बीते महीने ही उत्तर प्रदेश के बरेली में एक निर्माणाधीन पुल पर गूगल मैप ने धोखा दे दिया था। इसके बाद कार नदी में कूद गई थी। दरअसल विवेक और अमित गुड़गांव से बरेली एक शादी में शामिल होने जा रहे थे।

# कश्मीर में पारा माइनस छह पहुंचा

> पहाड़ों पर

**नई दिल्ली।**



दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में हल्की ठंड ने दस्तक दे दी है। शीतलहर चलने से अब दिन में ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 8 दिसंबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों को प्रभावित करेगा। इससे पश्चिमी हिमालय में हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार हैं।

शुष्क मौसम के बीच समूची कश्मीर घाटी में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ने लगी है। पारा गिरकर और नीचे चला गया है। शनिवार की रात को कश्मीर के सभी क्षेत्रों में तापमान जमाव बिंदु से और नीचे गया। श्रीनगर में माइनस 4.1 डिग्री के साथ मौजूदा सर्दियों की सबसे ठंडी रात रही। दक्षिणी कश्मीर में शोपियां माइनस 6.6 डिग्री तापमान के साथ पहलगाम और गुलमर्ग से भी ज्यादा ठंडा रहा। यह जम्मू-कश्मीर का सबसे ठंडा स्थान रहा।

भीषण ठंड में डल झील समेत घाटी के अधिकांश जलस्रोत आंशिक तौर पर जमे रहे, जबकि नलों में पानी दोपहर तक जमा रहा। मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को भी शुष्क मौसम रहने के आसार जताए हैं। इसके चलते रात के तापमान में और गिरावट की उम्मीद है।

वहीं उत्तराखंड में अब मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में वर्षा और बर्फबारी की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के उत्तराखंड और आसपास के राज्यों में सक्रिय होने के आसार हैं। जिसके बाद हिमालय की चोटियों पर हल्का हिमपात देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तराखंड समेत अन्य हिमालयी क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है।

### हवा ने दिसंबर में प्रदूषण को बढ़ने से रोका

बीते वर्षों के सापेक्ष इस वर्ष दिसंबर माह में प्रदूषण को लेकर स्थिति बेहद अच्छी दिख रही है। मौसम के जानकारों ने बताया कि बीते दिनों से पश्चिमी दिशा की ओर से 15 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। इससे प्रदूषण ज्यादा नहीं बढ़ पा रहा है। सीपीसीबी के अनुसार, शनिवार को भी नोएडा शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) 125 व ग्रेटर नोएडा का एक्यूआइ 180 येलो श्रेणी में दर्ज हुआ है।

# वंदे भारत में स्लीपर कोच का इंतजार खत्म

**नई दिल्ली।**



लंबी दूरी की यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए भारतीय रेलवे लगातार सुविधाओं में बढोतरी करता रहा है. रेलवे अब हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत में स्लीपर कोच लाने वाला है। रेल मंत्रालय के अनुसार वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट का पहला प्रोटोटाइप बन कर तैयार हो गया है। जल्द ही इसका फील्ड ट्रॉयल किया जाएगा। गाइडलाइन के अनुसार इसके कई ट्रॉयल किए जाएंगे।

ट्रॉयल की सफलता के बाद ही इसे यात्रियों के लिए शुरू किया जाएगा। जनवरी में इसका लोकार्पण रेल हो सकता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा के पटल पर रखे गए एक बयान में कहा कि वंदे भारत स्लीपर को लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए बनाया गया है, जिससे बेहद आरामदेह यात्रा संभव हो सकेगी।

वंदे भारत की सबसे बड़ी खासियत इसका सुरक्षित मॉडल है. इसके मॉडल पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सबसे अधिक ध्यान दिया गया है. ये ट्रेन कवच 4 से भी लैस है. इस ट्रेन को ईएन-45545 एचएल3 अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुसार बनाया गया है।

वंदे भारत स्लीपर के कप्लर्स भी ऐसी आधुनिक तकनीक से बनाए गए हैं, जिससे ट्रेन पूरी तरह जर्क फ्री होगी। इसका ब्रेकिंग सिस्टम भी अत्याधुनिक है और ट्रेन की एक्सलरेशन टाइमिंग भी बेहद कम है। किसी इमरजेंसी के लिए लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर के बीच बातचीत के लिए टॉक बैक की भी व्यवस्था दी गई है।

# इजराइल ने फिर की गाजा में एयरस्ट्राइक

> 17 लोगों की मौत, 39 घायल

**नई दिल्ली।**



गाजा में इजरायली डिफेंस फोर्सेस का हमला लगातार जारी है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं, जिनमें महिलाओं और बच्चों की संख्या ज्यादा है। ताजा हवाई हमले में 17 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जबकि 86 लोग घायल हुए हैं। ये हमला उत्तरी गाजा के कमाल अदवान अस्पताल पर हुआ है। इससे पहले बेइत लाहिया इलाके में हुए हमले में 7 लोगों की मौत हो गई। यहां इजरायली सेना का हमला इतना ज़ोरदार था कि हर तरफ तबाही का मंजर देखने को मिल रहा था।

गाजा के बेइत लाहिया इलाके में मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। उन्हें लोग निकालने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। वहीं मरने वालों को भी नमाज़े जनाज़ा के बाद सुपुर्द-ए-खाक किया जा रहा है। इजरायली सेना की क्रूरता यहीं खत्म नहीं हुई। डॉक्टरों के मुताबिक एन्क्लेव के मध्य और दक्षिणी हिस्से में भी ज़ोरदार हमला कर पांच फिलिस्तीनियों को मार डाला गया। सोमवार को इजरायली सेना ने नुसीरत कैंप के उत्तर पूर्व में टैंक भेजे थे। लोगों ने नरसंहार का आरोप लगाया है।

वहीं, वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) ने चेतावनी दी कि गाजा में बहुत जल्द अकाल पड़ सकता है, क्योंकि यहां पर भोजन और अन्य आपूर्ति बुरी तरह प्रतिबंधित है। इसके लिए इजरायली सेना जिम्मेदार है. ऐसे में आने दिनों में हालात बद से बदतर हो सकते हैं। पहले से ही लोग भूख के मारे मर रहे हैं। इतना ही नहीं यहां के अस्पतालों में शवों के ढेर लगे हुए हैं। एक के बाद एक मृतकों और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। हाथों में मासूम बच्चों के शव लेकर मां-बाप के आंखों से आंसुओं के सैलाब बह रहा है।

## बंधकों को हमास से छुड़वाएंगे एलन मस्क?

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप के जीतने के बाद अरबपति एलन मस्क का कद बढ़ गया है। हमास द्वारा बंधक नागरिकों की रिहाई को लेकर अमेरिका का रुख जानने के लिए इजरायली राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने एलन मस्क से बातचीत की। दोनों के बीच में हुई इस बातचीत में मुख्य रूप से संघर्ष विराम और बंधकों की सुरक्षित रिहाई के बारे में चर्चा हुई। डोनाल्ड ट्रंप की नई टीम में मस्क को बेहद महत्वपूर्ण व्यक्ति माना जा रहा है। युक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से बातचीत करने करने के दौरान ट्रंप ने एलन मस्क को अपने साथ रखा था। रिपोर्ट के मुताबिक हर्जोग के करीबी ने बताया कि राष्ट्रपति हर्जोग ने ट्रंप की टीम में अहम जिम्मेदारी संभालने वाले अरबपति व्यापारी एलन मस्क को फोन किया था। हर्जोग लगातार हमास और अन्य पार्टियों के साथ मिलकर सुरक्षित संघर्ष विराम की कोशिश कर रहे हैं। मस्क के साथ बातचीत के दौरान भी उन्होंने यही मुद्दा उठाया। युद्ध के दौर में इजरायल के राष्ट्रपति का एलन मस्क को फोन लगाना यह साबित करता है कि ट्रंप की टीम में मस्क की भूमिका काफी बड़ी है। इसके पहले एलन मस्क को लेकर दावा किया गया था कि उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच चल रही तनातनी को कम करने का प्रयास किया था।



## चीन के साथ विवाद सुलझाने के लिए चल रही बड़ी तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत और चीन दोनों ही वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के प्रबंधन के लिए अगले कदमों पर विचार-विमर्श करने को लेकर विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता और अन्य बैठकों की तैयारी कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की यह टिप्पणी भारत और चीन के बीच नई दिल्ली में सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्यकारी तंत्र के तहत वार्ता के एक दिन बाद की।

डब्ल्यूएमसीसी की गुरुवार को नई दिल्ली में हुई बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय समझौतों और प्रोटोकॉल के अनुरूप सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की थी। भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में गतिरोध वाले दो स्थानों से सैनिकों को वापस बुलाए जाने के बाद एक अहम वार्ता तंत्र के तहत बृहस्पतिवार को अपनी पहली कूटनीतिक बातचीत में सीमा विवाद से हासिल हुए निष्कर्षों पर विचार किया ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एक सवाल के जवाब में कहा कि विशेष प्रतिनिधियों की बैठक की तैयारियां जारी हैं। उन्होंने कहा, 'हमने विदेश सचिव स्तर की बैठक के बारे में भी बात की। ये बैठकें होने के बाद हम अगले कदमों पर चर्चा करेंगे।" विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि डब्ल्यूएमसीसी बैठक से संबंधित भारतीय बयान में सैनिकों की वापसी प्रक्रिया के कार्यान्वयन के बारे में बात की गई।

# नॉर्थ-ईस्ट में इंटरनेट गुल करने की साजिश?

> यूनुस सरकार ने पलटा हसीना का फैसला



**नई दिल्ली।** भारत के नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाने की योजना को बड़ा झटका लगा है। बांग्लादेश की अंतरिम यूनुस सरकार ने 'बैंडविड्थ ट्रांजिट' सुविधा प्रदान करने का भारत के साथ किया गया समझौता रद्द कर दिया है। यह निर्णय ऐसे समय पर लिया गया है जब क्षेत्रीय डिजिटल हब के तौर पर बांग्लादेश की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

भारत ने बांग्लादेश के माध्यम से अपने नॉर्थ-ईस्ट राज्यों के लिए इंटरनेट ट्रांजिट सुविधा की मांग की थी। इसके तहत, बांग्लादेश के सीमा पर इंटरनेट सर्किट स्थापित कर डेटा ट्रांसमिशन के लिए एक ट्रांजिट लिंक तैयार किया जाना था। पहले इस पर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के दौरान सहमति भी बन गई थी। समीट कम्युनिकेशंस और फाइबर एट होम जैसी बांग्लादेशी कंपनियों ने भारतीय कंपनी भारती एयरटेल लिमिटेड के साथ मिलकर यह प्रस्ताव बीटीआरसी (बांग्लादेश टेलिकम्युनिकेशन रेगुलेटरी कमीशन) के पास रखा था।

यूनुस सरकार ने बीटीआरसी के माध्यम से 1 दिसंबर को यह समझौता रद्द करने का आदेश जारी किया। बीटीआरसी के अनुसार, इस ट्रांजिट सुविधा से बांग्लादेश को कोई आर्थिक लाभ नहीं होता, जबकि भारत को डिजिटल कनेक्टिविटी में बड़ा फायदा मिलता। मगर यह केवल आर्थिक कारणों से उठाया गया कदम नहीं हो सकता।

इस फैसले के पीछे मौजूदा तनाव मुख्य कारण बताया जा रहा है। समीट कम्युनिकेशंस और फाइबर एट होम जैसी कंपनियां शेख हसीना की पार्टी, अवामी लीग के करीबी मानी जाती हैं। समीट कम्युनिकेशंस के चेयरमैन मोहम्मद फारिद खान, अवामी लीग के वरिष्ठ नेता और सांसद फरीक खान के छोटे भाई हैं। यूनुस सरकार ने इन कंपनियों के प्रभाव को कम करने और अपनी स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से यह फैसला लिया है।



## महाकुंभ में 24 घंटे मिलेगी ओपीडी की सुविधा

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को भव्य और सुविधाजनक बनाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, इस बार संगम नगरी प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। हर संभव सुविधाओं का खास ध्यान रखा जा रहा है। सुरक्षाबलों की नजर सभी गतिविधियों पर बनी हुई है। इसके अलावा, स्वास्थ्य सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने विशेष व्यवस्था की है।

बता दें, महाकुंभ मेले में परेड ग्राउंड पर 100 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल लगभग तैयार है। सभी जरूरतमंदों की सेवा में इस अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टर्स की तैनाती होगी और श्रद्धालुओं को हर समय ओपीडी की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, ब्लड और शुगर जांच जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। 24 घंटे एंबुलेंस सेवाएं और हर बीमारी के विशेषज्ञों की टीम मेले में मौजूद रहेगी। साथ ही, महिलाओं और बच्चों के लिए अलग वार्ड भी बनाए जा रहे हैं। डिलीवरी रूम और इमरजेंसी वार्ड के लिए अलग से डॉक्टरों की टीम तैनात होगी। डॉक्टरों के आराम करने के लिए अलग कमरे भी बनाए जा रहे हैं, ताकि मरीजों को चौबीसों घंटे चिकित्सा सेवाएं मिल सकें।

**साधु-संतों के लिए खास व्यवस्था**

भक्तों की स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ साधु-संतों के लिए भी 20 बेड के आठ छोटे अस्पताल बनाए जा रहे हैं। इनमें साधु-संतों को विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएंगी।महाकुंभ की शुरुआत संगम नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी 2025 से महाकुंभ मेले की शुरुआत होगी।

# ढाका के मंदिरों में लगा दी गई आग

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं अब आम हो गई हैं। बांग्लादेश में एक बार फिर इस्कॉन मंदिर को निशाना बनाया गया है और इसमें आग लगा दी गई। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने मीडिया को बताया कि शनिवार तड़के ही एक इस्कॉन में आग लगा दी गई। आग की वजह से भगवान कृष्ण की मूर्ति तक जल गई। उन्होंने बताया कि इस्कॉन के एक सेंटर को भी निशाना बनाया गया है।

उन्होंने कहा, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार थम नहीं रहा है। हम इसको लेकर बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा कि सुबह 2 से तीन बजे के बीच ही मंदिरों मे तोड़फोड़ और आगजनी की गई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर कहा, बांग्लादेश में इस्कॉन नामहाट सेंटर को आग लगा दी गई। श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्ति जल गई। यह मंदिर ढाका में है। दास ने कहा, सुबह 2 से तीन बजे के बीच ही उपद्रिवियों ने नामहाट संघ के तहत आने वाले राधा कृष्ण मंत्रि और महाभाग्य लक्ष्मी नारायण मंदिर में आगलगा दी। मंदिर के टिन शेड को हटाकर पहले पेट्रोल डाला गया और फिर आग लगा दी गई।

# मसूद के जहर उगलने पर भड़क गया भारत



**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तान से अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी और जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। यह मांग बहावलपुर में एक सार्वजनिक सभा में मसूद अजहर द्वारा हाल ही में दिए गए कथित भाषण की खबरों के बाद की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, "हम मांग करते हैं कि मसूद अजहर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उसे न्याय के कटघरे में लाया जाए। अगर ये रिपोर्ट सही हैं तो यह आतंकवाद को नियंत्रित करने में पाकिस्तान की दोहरी नीति को उजागर करती हैं।"

मसूद अजहर को मई 2019 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया था। इसके अलावा, सितंबर 2019 में भारत ने भी उसे आतंकवादी घोषित किया। वह भारत में कई बड़े आतंकवादी हमलों में शामिल रहा है। 2001 का संसद हमला , 2019 का पुलवामा हमला , 2001 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा पर हमला (38 लोगों की मौत), 2016 का पठानकोट हमला के अलावा बीएसएफ कैंप और अन्य सुरक्षा बलों पर कई हमले में मसूद अजहर का नाम शामिल है।

# रोहिंग्या आतंकियों को ट्रेनिंग दे रहा बांग्लादेश

> पाकिस्तान का पूरा सपोर्ट?

**ढाका।**

बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को आतंकी ट्रेनिंग देने की खबरें सामने आ रही हैं। कहा जा रहा है कि इन्हें ट्रेनिंग देने के बाद म्यांमार में जारी गृहयुद्ध में शामिल होने के लिए भेजा जाता है। बता दें कि भारत के पड़ोसी देश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से चरमपंथी हिंसा बढ़ती जा रही है। अब रोहिंग्याओं को आतंकी बनाने की खबरें चौंकाने वाली हैं।

एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बांग्लादेश कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन से रोहिंग्या शरणार्थियों को आतंकी गतिविधियों के लिए ट्रेनिंग दे रहा है। 250 से ज्यादा रोहिंग्याओं को ट्रेन किया जा रहा है। इसके लिए सऊदी अरब और मलेशिया के जरिए 2.8 करोड़ रुपये की फंडिंग हुई है। यह खतरनाक घटनाक्रम क्षेत्रीय शांति को अस्थिर कर सकता है और भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, रोहिंग्याओं को बांग्लादेश में ट्रेनिंग दी जा रही है और म्यांमार में लड़ने के लिए भेजा रहा है। बांग्लादेश में स्थिते दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर कॉक्स बाजार से जुलाई में 32 वर्षीय रफीक ने नाव के जरिए म्यांमार की सीमा पार की। उसका मकसद म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध में शामिल होना था। रफीक ने बताया, "हमें अपनी जमीन वापस पाने के लिए लड़ना होगा। और कोई रास्ता नहीं है।" कॉक्स बाजार के शिविरों में इस साल उग्रवादी गतिविधियों और भर्ती में तेजी देखी गई है। चार विश्वसनीय सूत्रों और दो आंतरिक एजेंसी रिपोर्टों के अनुसार, शिविरों में हिंसा और उग्रवाद का स्तर बढ़ता जा रहा है।



### क्षेत्रीय अस्थिरता और भारत के लिए चिंता

इस पूरे घटनाक्रम से भारत के लिए सुरक्षा चुनौतियां बढ़ सकती हैं। म्यांमार और बांग्लादेश के बीच अस्थिरता का प्रभाव न केवल पूर्वोत्तर भारत पर पड़ेगा, बल्कि आतंकवादी गतिविधियों के जरिए क्षेत्रीय शांति पर भी असर होगा। बांग्लादेश के लिए यह स्थिति एक "टिकिंग टाइम बम" बन चुकी है, क्योंकि हिंसा और उग्रवाद की बढ़ती घटनाएं शरणार्थियों की वापसी के प्रयासों को और जटिल बना रही हैं।

रोहिंग्या मुख्य रूप से मुस्लिम समूह है जो दुनिया की सबसे बड़ी देशविहीन आबादी है। इस आबादी ने 2016 में बौद्ध-बहुल म्यांमार की सेना के हाथों नरसंहार से बचने के लिए बांग्लादेश की ओर भागना शुरू कर दिया था। तब से वे भारत और बांग्लादेश सहित कई देशों में विभिन्न जगहों पर बसे हुए हैं। 2021 में सेना द्वारा तख्तापलट किए जाने के बाद से म्यांमार में लंबे समय से चल रहे विद्रोह ने जोर पकड़ लिया है। इसमें कई सशस्त्र समूह हैं। इसमें अब रोहिंग्या लड़ाके भी शामिल हो गए हैं। ये लड़ाके उसी म्यांमारी सेना के साथ मिलकर लड़ रहे हैं जिसने कभी उन पर अत्याचार किया था। इसकी वजह अराकान आर्मी (एए) को बताया जा रहा है।